CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# आधुनिक तॅलुगु कविता

## प्रथम भाग

: सम्पादक :

डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# आधुनिक तॅलुगु कविता

## प्रथम भाग

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रकाशक :
आंध्र प्रदेश साहित्य अकादमी
कला भवन,
हैदराबाद-४

सर्वाधिकार प्रकाशक के अधीन

मुद्रक :
हिन्दी प्रचार प्रेस
मद्रास-१७

प्रथम संस्करण
दिसम्बर, १९६९

मूल्य :
रु. ७-५०

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# अरुणोदय

आंध्र कविता साहित्य का यह हीरक-जयंती का वर्ष है। नवीन आंध्र कविता के गगन में यद्यपि सन् 1900 में डॉ. कट्टमंचि रामलिंग रॅड्डि जी के 'मुसलम्म मरणमु' के लघुकाव्य के साथ प्रथम प्रभात की रेखा फूटी तथापि 1909 में श्री रायप्रोलु सुब्बाराव जी के 'ललिता' के प्रकाशन और 1910 में श्री गुरजाड अप्पाराव जी के "मुत्यालसरालु" के आविष्कार के साथ अरुणोदय और सूर्योदय हुआ। इसीलिए 1909 से 1969 तक की कालावधि को दृष्टि में रखकर हीरक जयंती का वर्ष कहता हूँ।

इस प्रकार आधुनिक आंध्र कविता 60 वर्ष की उपज है। भाव-कवि, अभ्युदय कवि, अतियथार्थवादी कवि, गद्यगीत कवि आदि कृषकों ने इन साठ वर्षों में साहित्य क्षेत्र में स्वर्ण उपजाया। हिन्दी में छायावाद और रहस्यवाद के समान तॅलुगु में भाव कविता का आंदोलन चला। श्री रायप्रोलु के साथ यह आंदोलन पल्लवित हुआ और सर्वश्री अब्बूरि, वेंकटपार्वतीश्वर कवि, विश्वनाथ, कृष्णशास्त्री, बसवराजु, नंडूरि, दुव्वूरि प्रभृति कवियों के साथ विकसित और फलित हुआ। लगभग तीन दशकों तक तॅलुगु देश में भाव-कविता का आंदोलन चला। कुछ लोगों ने भाव-कविता को केवल प्रणय-कविता का पर्यायवाची भी मान लिया। किंतु वास्तविकता यह नहीं है। भाव-कविता उन अनेक काव्य प्रक्रियाओं का आलवाल है जिनमें काल्पनिकता की गंध (Romantic spirit) अधिक है। भाव-कविता वह व्यापक काव्यांदोलन है जिसने एक साथ प्रणय-कविता, प्रकृति कविता, देश भक्ति कविता, समाज-सुधार कविता आध्यात्मिक-कविता, मिसाइल पॉइट्री, स्मृति गीत (एलिजोस) आदि अनेक प्रक्रियाओं को जन्म दिया।

कविता के तीन अंग होते हैं, वस्तु, भाव ओर रचना (छंद, भाषा, शैली)। इन तीनों अंगों में वस्तु और रचना की अपेक्षा भाव-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


कविता ने भाव को प्रधानता दी। प्रेयसी की वियोगानुभूति से व्यथित घास के फूल, वियद्धुनी की संभावना करनेवाले कॉण्डवीडु या अमरावती, नित्यप्रति आँखों के सामने गुज़रनेवाली अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बीमारियाँ आदि ने अंतरंग को कुरेदकर किसी मधुर विषाद स्मृति को मन में जगाकर प्रायः आत्माश्रयी रूप में जिन भाव धाराओं को बहाया, वे ही भाव गीत हैं। यह तीव्र भावों की धारा ही भाव कविता का प्राण है। इस कोटि के कवि भाव कवि हैं। इन साठ वर्षों में लगभग तीस वर्ष भाव कविता के हैं। इसी दृष्टि से आधुनिक आंध्र कविता का प्रतिनिधित्व करने के लिए दो भाग प्रकाशित करने का निश्चय किया गया है। प्रथम भाग भाव-कविता की अनेक शाखाओं का प्रतिनिधित्व करता है और दूसरा भाग अभ्युदयवाद (प्रगतिवाद) आदि शाखाओं का। यह संग्रह भाव-कविता से संबंधित कविताओं का संकलन है। इसको प्रकाशित करने के लिए कटिबद्ध आँध्र प्रदेश साहित्य अकादमी का प्रयत्न बहुत प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूँ कि यह प्रयत्न हिन्दी के द्वारा समग्र भारत को तेलुगु की कविता-प्रक्रियाओं से परिचित कराकर भावात्मक एकता में सहायक होगा।

—डॉ० सी. नारायण रेड्डि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# भूमिका

## आधुनिक तॅलुगु कविता की पृष्ठभूमि :

सन् सत्तावन के प्रथम स्वतंत्रता-संग्राम के बाद जैसे-जैसे भारत पर अंग्रेजी शासन के शिकंजे मज़बूत होते गये वैसे-वैसे उनसे छुटकारा पाकर स्वतंत्र होने की अभिलाषा भी फिर से धीरे-धीरे भारत के शिक्षित वर्ग के हृदय में प्रादुर्भूत होने लगी जिसके फलस्वरूप आगे चलकर राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ जिसके द्‌वारा साधारण जनता के मन में स्वतंत्रता-प्राप्ति की इच्छा पैदा की गयी थी। बीसवीं शताब्दी के द्‌वितीय दशक से लेकर गांधीजी का जब भारत के राजनैतिक क्षितिज में उदय हुआ तब से यह महान राष्ट्रीय कार्य सुनियोजित रूप से चलने लगा और स्वतंत्रता का संदेश घर घर पहुँचने लगा। इसमें देश के नेताओं और उनके अनुयायियों को अनेक कष्ट झेलने पड़े और आत्म-त्याग करने पड़े। इसके विपरीत अंग्रेज़ों की दमन नीति का चक्र भी ज़ोरों से चलने लगा। तब से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति तक कांग्रेस और गांधीजी की राजनीति ने कितनी करवटें कैसे बदलीं, वह सब इतिहास का विषय है। किंतु उसका प्रभाव भारतीय साहित्य पर बहुत पड़ा जिसके कारण उसके स्वरूप और गति विधियों में अनिवार्य अंतर आ गया है जो भारत भर की भाषाओं के साहित्य में प्रायः समान रूप से परिलक्षित होता है। राजनैतिक क्षेत्र में नेताओं के प्रबोधात्मक व्याख्यानों के द्‌वारा स्वतंत्रता का जो संदेश साधारण जनता तक पहुँचाने का प्रयत्न किया गया वह कवियों और लेखकों की वाणी में मुखरित हो उठा और धीरे-धीरे देश की जनता प्रबुद्ध होने लगी। तॅलुगु के आधुनिक काव्य साहित्य के संबंध में भी यह कथन पूर्णतः घटित होता है। हाँ, राजनैतिक दृष्टि से आधुनिक तॅलुगु काव्य साहित्य की एक विशेषता है। आंध्र प्रदेश में जहाँ समग्र भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति के लिए उत्कट व्यग्रता थी वहाँ स्वतंत्रता-प्राप्ति के उपरांत अपने साहित्य और संस्कृति के सम्यक् विकास के हेतु अपना

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


एक अलग अस्तित्व भारत के अंग के रूप में बनाने का दृढ़ संकल्प भी लक्षित था जिसका प्रतिबिंब भी तत्कालीन साहित्य के दर्पण में झलकता है। गांधीजी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भावी स्वतंत्र भारत का जो राजनैतिक ढाँचा तैयार किया था उसमें इसके लिए भाषावार प्रांत विभाजन की योजना के रूप में अनुकूल वातावरण भी बना था।

आधुनिक युग में अंग्रेज़ी शिक्षा का जो प्रभाव भारत पर पड़ा वह प्रधानत: दो क्षेत्रों में दिखाई पड़ता है ; एक तो धार्मिक क्षेत्र में जिसके फल स्वरूप सामाजिक क्षेत्र में भी, और दूसरे साहित्यिक क्षेत्र में। स्वामी दयानंद सरस्वती और राजाराम मोहनराय जैसे मनीषियों की दृष्टि ने अंग्रेज़ी शिक्षा से प्रभावित होकर अपने परंपरागत हिन्दू समाज में मानवता की दृष्टि से कुछ धार्मिक और सामाजिक सुधारों की आवश्यकता का अनुभव किया जिसके फलस्वरूप आर्यसमाज और ब्रह्मसमाज के आंदोलन चले जिनका प्रभाव तॅलुगु साहित्य पर पड़ा, विशेषकर ब्रह्मसमाज के आंदोलन का। इन दोनों सुधारकों ने हिन्दू समाज में तब तक फैले संकीर्ण विचारों को दूर कर उस धर्म को विश्व-जनीनता प्रदान करने का स्तुत्य प्रयत्न किया जिसका प्रभाव आगे चलकर गाँधीजी ने भी ग्रहण किया। आंध्र प्रदेश में सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्रों में इन आंदोलनों का प्रभाव श्री कंदुकूरि वीरेशलिंगम् पंतुलु और श्री गुरजाड अप्पाराव पर खूब पड़ा जो सुधारवाद की दृष्टि से आधुनिक समाज और साहित्य के युगप्रवर्तक थे। हिन्दी के आधुनिक साहित्य में जो स्थान भारतेंदु हरिश्चंद्र का है, वही आधुनिक तॅलुगु साहित्य में श्री वीरेशलिंगम् पंतुलु का है।

अंग्रेज़ी साहित्य के अध्ययन के साथ-साथ तॅलुगु के साहित्यिक क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन उपस्थित हुआ। वर्ड्सवर्थ, शेली, कीट्स आदि स्वच्छंदतावादी कवियों के अध्ययन ने तॅलुगु के कवियों की भाव भूमि को विशाल बना दिया। अंग्रेज़ी कविता की भावधारा, काव्यरूप, अभिव्यक्ति आदि ने उनको आकर्षित किया जिससे आधुनिक तॅलुगु कविता की धारा में जिसका प्रारंभ इस रूप में सन् 1900 के लगभग

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


माना जा सकता है, एक विशेष मोड़ आया जहाँ से एक शाखा भाव-कविता कही गयी है जिसका स्वरूप प्रस्तुत संकलन उपस्थित करता है और जो हिन्दी की छायावादी और रहस्यवादी कविता के समकक्ष है। भाव कविता और छायावादी कविता की भाव, भाषा और शैली गत सब विशेषताएँ समान हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि अंग्रेज़ी स्वच्छंदतावादी काव्य साहित्य का जितना और जैसा प्रभाव हिन्दी पर पड़ा है उतना और वैसा प्रभाव तॅलुगु पर भी पड़ा है। इसके अतिरिक्त रवींद्रनाथ ठाकुर की कविता ने भी इस धारा की तॅलुगु कविता को बहुत प्रभावित किया जिसका विकास बीसवीं शताब्दी के द्वितीय चरण में सर्वाधिक हुआ। सूत्ररूप में यही वह पृष्ठभूमि है जिसपर तॅलुगु की भाव-कविता की धारा प्रवाहित हुई और साहित्यिक क्षेत्र को भाव, भाषा, विराट कल्पना, अतींद्रिय सौन्दर्य की भावना, अभिव्यक्ति आदि की दृष्टियों से बहुत उर्वर बना दिया। अस्तु।

तॅलुगु की आधुनिक कविता उस उत्तर मध्यकालीन काव्य-साहित्य की, जो अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दियों में शास्त्र निबद्ध दृष्टि से भाव पक्ष को प्रधानता न देकर निर्जीव रूप से निर्मित हुआ था, प्रतिक्रिया के रूप में प्रादुर्भूत हुई जिसके उषःकाल में तिरुपति वेंकटेश्वर नामक कविद्वय उदित हुआ और देश-भर में लगभग तीस-चालीस वर्षों तक कविता का उत्सव-सा मनाया था। कविता को राज दरबारों से निकालकर साधारण जनता तक पहुँचाने का श्रेय इसी कविद्वय को मिला है। भाषा और शैली की दृष्टि से इनकी कविता में यद्यपि बहुत सरलता पायी जाती है जिससे साधारण पढ़ा-लिखा आदमी भी उसका सुगमता से रसास्वादन कर सकता है, तथापि विषय, छंदोरूप आदि पुरानी परंपरा के अनुरूप ही मिलते हैं। देश भर के राजाओं, जमींदारों और रईसों के दरबारों में जाकर अपनी आशु कविता और अवधान कविता के द्वारा उन्होंने कविता को सर्वजनसुलभ बना दिया। इसमें यद्यपि पुरानी भावधारा प्रधान रूप से दृष्टि गत होती है किन्तु फिर भी बदलती हुई सामाजिक मान्यताओं की झलक भी मिलती है। इनकी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


कविता अधिकतर वस्त्वाश्रयी है जिसमें इनका निर्भीक व्यक्तित्व लक्षित होता है। इनकी 'कामेश्वरी शतक', जैसी आत्माश्रयी कविता और अवधान कविता में भी वह नया सौंदर्य बोध नहीं मिलता जो आगे चलकर भाव-कविता का प्रधान तत्व बन गया है। ये दोनों कवि आगे चलकर बहुत से कवियों के गुरु बने।

यहाँ अवधान कविता का संक्षिप्त परिचय देना आवश्यक है, जो तॅलुगु कविता की एक विशेष प्रक्रिया है। "अवधान" एक ऐसा कार्य-क्रम है जिसमें अवधानी कवि एक साथ अनेक कार्य ध्यानपूर्वक करता है जिनमें कविता-रचना प्रधान है। 'अवधान' प्रधानत: दो प्रकार का होता है, अष्टावधान और शतावधान। अष्टावधान में कवि को एक साथ आठ विषयों का ध्यान रखकर पृच्छकों को उत्तर देना पड़ता है। विद्वानों की सभा जुड़ती है जिसमें आठ विद्वान पृच्छक नियुक्त किये जाते हैं जो अवधानी कवि से भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रश्न करते हैं, और उसका ध्यान बँटाने का प्रयत्न करते हैं। कोई यह पूछता है कि कुछ निश्चित अक्षरों का प्रयोग करके फ़लाने विषय पर पद्य कहिए। इसे न्यस्ताक्षरी कहते हैं। जब कवि उसका उत्तर दे रहा होता है तब दूसरा कुछ शब्दों और अक्षरों का क्रम बदलकर कहता है कि इनका उपयोग करके फ़लाने विषय पर पद्य कहिए। इसे व्यस्ताक्षरी कहते हैं। कवि को उन अस्तव्यस्त शब्दों और अक्षरों का क्रम ठीक करके पद्य कहना पड़ता है। इसी बीच में तीसरा पूछता है कि अमुक-अमुक अक्षरों को बचाकर अमुक विषय पर पद्य कहिए। इसे निषेधाक्षरी कहते हैं। बीच-बीच में कोई अनेक विषयों पर बेसिर पैर की बातें पूछकर शंका समाधान माँगते हुए कवि का ध्यान बँटाने का प्रयत्न करता है। यह अकाश-पुराण कहलाता है। जब कवि का मन इन बातों में लगा रहता है तब बीच-बीच में कोई घंटा बजाता रहता है और कोई उसकी पीठ पर फूल मारता रहता है। अंत में अवधानी को यह बताना पड़ता है कि कितनी बार घंटा बजा और कितने फूल उसकी पीठ पर पड़े। ये दोनों क्रियायें घंटाराव और पुष्प परिगणना कही जाती हैं। एक और व्यक्ति बीच में

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


पद्य में कोई समस्या देकर उसकी पूर्ति करने को कहता है। यह समस्या-पूर्ति है। इन सबमें उलझे हुए कवि से कोई शतरंज की चाल चलने को कहता है। इन आठों कार्यों को कवि को सफलतापूर्वक कुछ निश्चित समय में पूरा करना पड़ता है। इसलिए यह अष्टावधान कहलाता है। शतावधान में कवि को एक साथ सौ पृच्छकों को सौ पद्य कहने पड़ते हैं। सौ पृच्छक, सौ विषयों पर पद्य कहने को कहते हैं, और शतावधानी कवि सब पृच्छकों को उनके इच्छित छंदों में इच्छित विषयों पर एक-एक या दो-दो चरण सुनाता है और फिर प्रथम पृच्छक से लेकर सबको उनके शेषांश सुनाता है। अंत में सौओं पद्यों को क्रम से सुनाता है। यह शतावधान है जो दो-चार दिन तक चलता है। शतावधान की अपेक्षा अष्टावधान कठिन समझा जाता है। इनके अतिरिक्त एक सहस्रावधान भी है जिसमें एक हज़ार पृच्छकों को हज़ार पद्य सुनाने पड़ते हैं। इस प्रकार की कविता में यद्यपि भावों की गहरायी और कला की कुशलता कम दिखायी पड़ती है, तथापि इससे कवि के पांडित्य-प्रकर्ष, अनेक विषयों का ज्ञान, भाषा पर असाधारण अधिकार, प्रवाहमयी आशु कवित्व-रचना-शक्ति, धारणा आदि का परिचय मिलता है।

भाव-कविता विषयी प्रधान अथवा आत्माश्रयी होती है और उसमें कवि की अनुभूति प्रधान होती है। प्रकृति को कवि अपने भावों की छाया में देखता है और उसपर उनका रंग चढ़ाकर उसे ऐसा रूप प्रदान करता है कि वह वस्तु मात्र न रहकर कवि के भावात्मक सौन्दर्य की वाहिका बन जाती है। भावात्मक होने के कारण कवि की सौन्दर्यानुभूति अतींद्रिय होती है। यही भाव-कविता का प्राण है। अपनी इस अतींद्रिय सौंदर्यानुभूति को वह यथा साध्य तत् सदृश प्राकृतिक उपादानों के द्वारा अभिव्यक्त करता है जिससे शैली में एक ऐसी विशिष्टता आ जाती है कि एक सजीव भावात्मक चित्र हमारे सामने उपस्थित हो जाता है। इसी प्रक्रिया में बिंबविधान आ जाता है जिसपर भावों की प्रेषणीयता की सफलता निर्भर करती है। कभी-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



कभी प्रकृति आलंबन बनकर कवि की सौंदर्यानुभूति को जगाती है और एक ऐसे भाव जगत की सृष्टि करती है, जो कल्पना प्रसूत होते हुए भी अनुभूति प्रधान होने के कारण सत्य ही होता है। सौंदर्यानुभूति की अभिव्यक्ति की इन दोनों दशाओं में कल्पना का बहुत बड़ा हाथ रहता है जिससे इसको तॅलुगु में 'काल्पनिकोद्यममु' (कविता में काल्पनिक आंदोलन) कहा गया है।

इस प्रकार काल्पनिक आंदोलन में चली भाव-कविता की धारा के, जिसका विकास "साहिती समिति" के द्वारा खूब हुआ, कई रूप मिलते हैं जिनका नामकरण डॉ० दिवाकर्ल वेंकटावधानी ने इस प्रकार किया ; लघु काव्य, खण्ड काव्य, आत्माश्रयी कविता, प्रकृति-कविता और मर्म कविता। इनमें मर्म कविता को रहस्यवादी कविता के रूप में समझा जा सकता है जिसमें माधुर्य भावना का समावेश है। श्री वेंकटपार्वतीश्वर कविद्वय की रचना 'एकांत सेवा' इस प्रकार की काव्यधारा की प्रथम रचना मानी जा सकती है। अत: वे भाव-कविता के वैतालिक माने जा सकते हैं। यह काव्य धारा आगे चलकर सर्वश्री विश्वनाथ, रायप्रोलु, देवुलपल्लि, बसवराजु, नंडूरि, अडिवि, वेदुल, प्रभृति कवियों की रचनाओं के द्वारा बहुत विकसित हुई, जिसमें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गीतों की रचना भी मिलती है। छंद विधान की दृष्टि से इस धारा की कविताओं में स्वच्छंद छंदों और ताल प्रधान गीतों का अच्छा प्रयोग हुआ जिसका प्रारंभ श्री गुरजाड अप्पाराव ने अपने "मुत्याल सरालु" के साथ किया था, यद्यपि कहीं-कहीं शास्त्रनिबद्ध छंद भी मिलते हैं। प्रस्तुत पुस्तक में भाव-कविता का जो संग्रह है उसमें आंध्र प्रदेश के सामाजिक आचार-विचारों और ऐतिहासिक औन्नत्य के साथ-साथ समग्र भारत की सांस्कृतिक एकता के प्रति कवियों की जागरूकता भी प्रतिबिंबित है।

इस संग्रह का संकलन उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद के तॅलुगु विभाग के रीडर और प्रसिद्ध आधुनिक तॅलुगु कवि डॉ० सी.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


नारायण रॅड्डि के परामर्श से किया गया है। अनुवाद के प्रबंध और संपादन का भार इन पंक्तियों के लेखक को सौंपा गया है। जिन जिन कवि मित्रों ने समय पर कविताओं का अनुवाद भेजकर मुझे सहयोग प्रदान किया उनको मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। अनुवाद के संबंध में एक बात कहना चाहता हूँ। यह तो सभी विद्वान पाठक जानते हैं कि कविता का अनुवाद मौलिक रचना की अपेक्षा बहुत कठिन होता है क्योंकि अनुवादक को मूल कवि के हृदय को पहचानकर उसकी अनुभूति के साथ तादात्म्य पाकर उसे अनुवाद की भाषा में स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्त करना होता है। प्रस्तुत संकलन के अनुवादकों ने मूल कवि के आशय को समझकर उसे हिन्दी में यथासाध्य स्वाभाविक रूप से रूपांतरित किया हैं। किन्तु फिर भी कहीं-कहीं उत्तर भारत के पाठकों को शब्द चयन, छंदविधान, शैली आदि में कुछ विलक्षणता लक्षित हो सकती है जो अनिवार्य है। हिन्दी के राष्ट्रीय स्वरूप को दृष्टि में रखकर यदि देखा जाय तो यह अनिवार्य ही नहीं, बल्कि आवश्यक भी है क्योंकि तभी सच्चे अर्थों में वह समूचे राष्ट्र की संपत्ति हो सकती है और देश के भिन्न-भिन्न भाषा क्षेत्रों के भावों और विचारधारा को अभिव्यक्त कर उसके द्वारा उनमें निहित सांस्कृतिक एकता को प्रतिबिंबित करने में समर्थ होती है। इसके द्वारा हिन्दी का शब्द समूह विशाल होता है और उसकी अभिव्यंजना शक्ति भी विकसित होती है। इस प्रकार विभिन्न भाषा प्रांतों के लेखक हिन्दी के विकास में योगदान देते हैं जो हिन्दी के राष्ट्रीय स्वरूप के विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

मूल तॅलुगु कविता के लिप्यंतरण के संबंध में एक बात ध्यान देने की है। तॅलुगु में ह्रस्व एकार और ओकार भी प्रयुक्त होते हैं जिनको इस ग्रंथ में इस प्रकार मुद्रित किया गया है; तॅ (ह्रस्व ते) तॉ (ह्रस्व तो)। पढ़ते समय पाठक इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। उच्चारण की दृष्टि से तॅलुगु स्वरांत भाषा है। शब्दों के बीच में आनेवाले सब व्यंजन भी संपूर्ण रूप से उच्चरित होते हैं। अतः किसी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



अक्षर में हल का चिह्न मिलने पर ही उसे व्यंजनवत् पढ़ना चाहिए। अन्यथा स्वरांत ही पढ़ना चाहिए।

इस पुस्तक को आद्यंत सुनकर उचित परामर्श देकर सुहृद मित्रवर श्री ए. सी. कामाक्षिराव ने मेरी जो अमूल्य सहायता की उसके लिए मैं उनका अत्यंत आभारी हूँ।

आंध्र प्रदेश साहित्य अकादमी ने इस संग्रह के संपादन का भार मुझे सौंपकर इस दिशा में राष्ट्र भारती की कुछ सेवा करने का सुअवसर जो प्रदान किया उसके लिए मैं अकादमी के अधिकारियों का कृतज्ञ हूँ। यथासंभव इस कार्य को निर्दुष्ट रूप से संपन्न करने का मैंने प्रयत्न किया है। किन्तु गुण-दोषों के निर्णय का भार मेरा नहीं है; विद्वान पाठक-बंधुओं का है। यदि यह संग्रह आँध्रेतर भाषियों की, तेलुगु के आधुनिक काव्य साहित्य संबंधी जिज्ञासा को जगा सका और देश भर में व्याप्त भारतीय संस्कृति की एक झलक प्रस्तुत कर सका तो यह प्रयत्न सफल कहा जा सकता है।

हिन्दी प्रचार प्रेस के कार्यकर्ता भी मेरे धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने सुंदर ढंग से इसे मुद्रित किया है।

विनीत

चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# काव्यानुक्रमणिका


पृष्ठ

**1. श्री गुरजाड अप्पाराव—(मूल कवि)** मूल-अनु

1. मनिषि—अनु : श्री एम. रंगय्या ... 2-3
2. देशभक्ति—अनु : श्री दुव्वूरि रामकृष्ण मूर्ति ... 4-5

**2. श्री कट्टमंचि रामलिंगा रॅड्डि—(मूल कवि)**

1. 'मुसलम्म मरणमु' से—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायणमूर्ति 12-13

**3. श्री वेंकट पार्वतीश्वरकवुलु—(मूल कवि)**

1. 'एकांत सेवा' से—अनु : श्री बालशौरि रॅड्डि ... 16-17

**4. श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव—(मूल कवि)**

1. जन्मभूमि—अनु : डॉ. पी. आदेश्वर राव ... 24-25
2. विरह वीथी—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 28-29
3. प्रबोधमु—अनु : श्री रार्पति सूर्यनारायण ... 30-31
4. अमलिन प्रेममु—अनु : श्री रार्पति सूर्यनारायण ... 34-35

**5. श्री शिवशंकर स्वामी—(मूल कवि)**

1. वांछलु—अनु : श्री रार्पति सूर्यनारायण ... 44-45
2. संदर्शनमु—अनु : श्री रार्पति सूर्यनारायण ... 48-49
3. विभ्रममु—अनु : श्री रार्पति सूर्यनारायण ... 50-51

**6. श्री पिंगळि-काटूरि—(मूल कवि)**

1. उपहारमु—अनु : श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित ... 52-53
2. रसालमु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 56-57

**7. श्री माधवपॅद्दि बुच्चि सुंदरराम शास्त्री—(मूल कवि)**

1. 'मृत्युंजया'—अनु : डॉ. इ. पांडुरंगाराव ... 60-61

**8. श्री कवि कॉण्डल वेंङ्कटराव—(मूल कवि)**

1. शिवरात्रि प्रभा—अनु : श्री कोट सुंदरराम शर्मा ... 66-67

**9. श्री विश्वनाथ सत्यनारायण—(मूल कवि)**

1. कॉण्डवीटि पॉगमब्बुलु—अनु : श्री सूर्यनारायण 'भानु' ... 74-75
2. मूग नोमु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 80-81

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


3. शिशिर ऋतुवु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 84-85
4. किन्नरें नृत्यमु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 88-89

10. श्री अडिवि बापिराजु—(मूल कवि)
1. वेंरुवु मॅट्लु—अनु : डॉ. पी. आदेश्वर राव ... 100-101
2. वरद गोदावरी—अनु : डॉ. पी. आदेश्वर राव ... 102-103

11. श्री बॉड्डु बापिराजु—(मूल कवि)
1. वीणावति—अनु : डॉ. पी. आदेश्वर राव ... 104-105

12. श्री नंडूरि वेंकट सुब्बाराव—(मूल कवि)
1. दीपम्—अनु : डॉ. इ. पांडुरंगा राव ... 108-109
2. नमिलि मिंगिन ना यॅङ्क—अनु : डॉ. इ. पांडुरंगराव ... 110-111

13. श्री दुव्वूरि रामिरॅड्डि—(मूल कवि)
1. अतिथि—अनु. श्री के. वें. नृसिंह अप्पाराव ... 114-115
2. गरिक—अनु : डॉ. कर्ण राजशेषगिरि राव ... 116-117

14. श्री गुर्रं जाषुवा—(मूल कवि)
1. सालीडु—अनु : श्री दुव्वूरि रामकृष्ण मूर्ति ... 118-119
2. स्मशानवाटि—अनु ; श्री दुव्वूरि रामकृष्णमूर्ति ... 120-121

15. श्री अब्बूरि रामकृष्ण राव—(मूल कवि)
1. कापु-पाट—अनु : श्री के. वें. नृसिंह अप्पाराव ... 124-125
2. अप्राप्त मनोहरिकि—अनु : श्री के. वें. नृसिंह अप्पराव ... 126-127

16. श्री देवुलपल्लि कृष्णशास्त्री—(मूल कवि)
1. ऍवरु—अनु : श्री सूर्यनारायण 'भानु' ... 128-129
2. आमॅ कन्नुलु—अनु : श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित ... 130-131
3. ऊर्वशी—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 132-133
4. पल्लकी—अनु : श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित ... 134-135

17. श्री कॉडालि आंजनेयुलु—(मूल कवि)
1. पॅण्डि्ल कूतुरु—अनु : श्री एम. संगमेशम् ... 136-137
2. जैलुलो चॅंदमामा—अनु : श्री एम. संगमेशम् ... 138-139

18. श्रीमती चावलि बंगारम्मा—(मूल कवयित्री)
1. नीड—अनु : श्री सूर्यनारायण 'भानु' ... 144-145

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


19. श्री नायनि सुब्बाराव—(मूल कवि)
1. फलश्रुति—अनु : श्री दुव्वूरि रामकृष्ण मूर्ति ... 148-149
2. मातृगीतमुलु—अनु : श्री कोट सुंदरराम शर्मा ... 150-151
3. ईप्सित लेशमु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 154-155

20. श्री नोरि नरसिंह शास्त्री—(मूल कवि)
1. मुरली ध्वनि—अनु : श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित ... 156-157
2. कृष्णवेणि—अनु : श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित ... 158-159

21. श्री वेदुल सत्यनारायण शास्त्री—(मूल कवि)
1. आराधना—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 162-163
2. विहग गीति—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 166-167
3. आवृत्ति—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 172-173

22. श्री तुम्मल सीतारामसूर्ति चौधरी—(मूल कवि)
1. चुक्कलु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 174-175
2. संक्रांति—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 178-179

23. श्री कॉडालि वेंकट सुब्बाराव—(मूल कवि)
1. विद्यारण्य—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 182-183

24. श्रीमती सौदामिनी—(मूल कवयित्री)
1. निरीक्षण—अनु : श्री एम. संगमेशम् ... 188-189

25. श्री मल्लवरपु विश्वेश्वर राव—(मूल कवि)
1. गड्डि पुव्वु—अनु : श्री एम. संगमेशम् ... 190-191
2. गायनी प्रिय—अनु : श्री एम. संगमेशम् ... 192-193

26. श्री उमर अलीशा—(मूल कवि)
1. पाराणि—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 194-195

27. श्री बसवराजु अप्पाराव—(मूल कवि)
1. ताजमहल्—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 196-197
2. नागुल चविति—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 198-199

28. श्री इंद्रकंटि हनुमच्छास्त्री—(मूल कवि)
1. दक्षराम दर्शनमु—अनु : श्री के. वें. नृसिंह अप्पाराव ... 202-203

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


29. श्री वानमामलै वरदाचार्य—(मूल कवि)
1. वार्धकमु—अनु : श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित ... 206-207

30. श्री करुणश्री—(मूल कवि)
1. अद्वैत मूर्ति—अनु : डॉ पी. आदेश्वर राव ... 212-213

31. श्री पल्ला दुर्गय्य—(मूल कवि)
1. सॅलयेरू—अनु : श्री के. वें. नृसिंह अप्पाराव ... 214-215

32. श्री पुट्टपर्ति नारायणाचार्य—(मूल कवि)
1. शिवतांडवमु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 218-219

33. श्री मधुनापंतुल सत्यनारायण—(मूल कवि)
1. सातवाहन प्रशस्ति—अनु : श्री रार्पात सूर्यनारायण ... 230-231

34. श्री बोयि भीमन्न—(मूल कवि)
1. मनोरथमु—अनु : श्री एम. रंगय्या ... 236-237

35. श्री पाटिबंड माधव शर्मा—(मूल कवि)
1. आवाहनमु—अनु : डॉ. इ. पांडुरंगाराव ... 238-239
2. विरह गोपि—अनु : डॉ. इ. पांडुरंगाराव ... 242-243

36. श्री पैडिपाटि सुब्बराम शास्त्री—(मूल कवि)
1. वसंत ऋतुवु—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 246-247

37. श्री शंखवरं राघवाचार्य—(मूल कवि)
1. सुधा बाल—अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति ... 250-251

संक्षिप्त कवि-परिचय ... 257

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# कृतज्ञता-ज्ञापन

तॅलुगु के उन सभी कवि-महानुभावों को, जिनकी उदार अनुमति के बिना भावात्मक एकता की पहचान के राष्ट्रीय महायज्ञ में यह समिधा नहीं जुड़ सकती थी, हम अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करने में आनंद का अनुभव करते हैं।

—प्रकाशक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# आधुनिक तॅलुगु कविता

## प्रथम भाग

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मनिषि

मूल : श्री गुरजाड़ अप्पाराव

मनिषि चेसिन रायि रप्पकि
महिम कलदनि सागि मॉक्कुतु
मनुषुलंटे रायि रप्पल
कन्न कनिष्टम्

गानु चूस्तावेल ? वेला !
देवु डॅक्कडो दागॅनंट्ट
कॉण्डकोनलु वॅतुकुलाडे
वेला ?

कन्नु तॅरिचिन कानबड़डो
मनिषि मातुडि यंदु लेडो ?
यॅरिगि कोरिन करिगि ईडो
मुक्ति ?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मनुज

अनु: श्री एम. रंगय्या

मनुज के निर्मित पत्थरों में
देखता जगत महिमा अपार।
करता नमन साष्टांग नतसिर
शिला से मान मनुज निस्सार।

मनुज का तू अपमान करता
सोच है कहीं छिपा भगवान।
गिरि वनों में ढूँढ़ता है क्यों?
भटकते रहा घूम नादान!

आँख खोलो तो दिखेगा क्या
उस मनुज में ही माधव नहीं?
माँगे यदि पहचान कर उसे
तो क्या वह मुक्ति देगा नहीं?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# देशभक्ति

मूल : श्री गुरजाड़ अप्पाराव

1. देशमुनु प्रेमिंचुमन्ना
मंचि यन्नदि पॅञ्चुमन्ना
वॉट्टि माटलु कट्टि पॅट्टोय
गट्टि मेल् तलपॅट्टवोय ।

2. पाडि पंटलु पॉङ्गि पॉर्ले
दारिलो नुवु पाटु पडवोय
तिंडि कलिगिते कंडकलदोय
कंडकलवाडेनु मनिषोय ।

3. ईसुरोमनि मनुषुलुंटे
देशमेगति बागुपडुनोय
जल्दुकॉनि कळलॅल्लनेर्चुकु
देशि सरुकुलु निंचवोय ।

4. अन्नि देशाल् क्रम्मवलॅनोय
देशि सरूकुल नम्मवलॅनोय
डब्बु तेलेनट्टि नरुलकु
कीर्ति संपदलब्बवोय

5. वॅनक चूचिन कार्यमेमोय
मंचि गतमुन कॉंचमेनोय
मंदगिंचक मुंदु अडुगेय
वॅनुक पडिते वॅनकॅनोय ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# देशभक्ति

अनु : श्री दुव्वूरि रामकृष्ण मूर्ति

1. है प्रेम करना देश को ।
बढ़ा देना भलाई को ।
मत बोलना व्यर्थ बातें ।
करो चेष्टा श्रेष्ठ हित की ॥

2. बढ़ेगा धनधान्य जैसे
श्रम उठाना तुम्हें वैसे ।
अन्न हो तो बल पुष्टि है ।
वही मनुज जो पुष्ट है ॥

3. मनुज दुर्बल अगर होते
तो सुधरता देश कैसे ?
सीखकर सब कलाओं को
भरो देशी वस्तुओं को ॥

4. देश सारे घेर लेना ।
माल देशी है बेचना ।
धन कमा जो सकते नहीं
कीर्ति धन वे पाते नहीं ।

5. मुड़ देखना किस काम का ?
लाभ गत में है अल्प ही ।
छोड़ सुस्ती पग बढ़ाना ।
पिछड़ते तो पिछड़े रहो ही ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. पूनु स्पर्धनु विद्यलंदे
वैरमुलु वाणिज्यमंदे
व्यर्थ कलहं पॅञ्चबोकोय
कत्ति वैरम् काल्चवोय ॥

7. देशाभिमानं नाकु कद्दनि
वट्टि गॉप्पलु चॅप्पुकोकोय
पूनि येदैनानु वॉक मेल
कूर्चि जनुलकु चूपवोय ॥

8. ओर्वलेमि पिशाचि देशम्
मूलुगुलु पील्चेसॅनोय
ऑरुल मेलुकु संतसिस्तू
ऐकमत्यं नेर्चवोय ॥

9. परुल कलिमिकि पॉर्लि येड्चे
पापि कॅक्कड सुखं कद्दोय ?
ऑकरि मेलुतनमेलनॅञ्चे
नेर्परिकि मेलु कॉल्ललोय ॥

10. स्वंतलाभम् कॉन्तमानुकु
पॉरुगु वाडिकि तोड्डुपडवोय
देशमंटे मट्टिकादोय
देशमंटे मनुषुलोय ॥

11. चेट्ट पट्टाल पट्टुकॉने
देशस्थुलंता नडववलॅनोय

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. कलाओं में ही होड़ करना ।
व्यापार में ही वैर करना ।
व्यर्थ झगड़ा मत बढ़ाओ ।
वैर कृपाण का त्याग दो ॥

7. डींग ऐसी मत हाँकना
कि है मुझमें देश-ममता ।
यत्न करके भलाई को
कर दिखाना सब जनों को ॥

8. डाह-पिशाच बढ़ चढ़ा है ।
चूस डाली देश-मज्जा ।
अन्य-हित पर हर्ष करना ।
एकता तुम सीख लेना ॥

9. देख परधन दुःख जिसको
सुख कहाँ उस पाप रत को ?
अन्य-हित ही हित मानते
तो हित कई प्राप्त होते ॥

10. छोड़कर कुछ निज लाभ को
मदद देना पड़ोसी को ।
देश माने मिट्टी नहीं
देश माने है मनुज ही ॥

11. सब डाल गलबहियाँ मिलें ।
देशवासी पग बढ़ा दें ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



अन्नं दम्मुल वॅलॅनु जातुलु
मतमुलन्नी मॅलग वॅलॅनोय ॥

12. मतम् वेरैतेनु एमोय
मनसुलॉक्कटै मनुषुलुंटे
जात मन्नदि लेचि पॅरिगी
लोकमुन राणिंचुनोय ॥

13. देशमनियॅडि दॉड्ड वृक्षम्
प्रेमलनु पूलॅत्तवलॅनोय
नरुल चॅमटनु तडिसि मूलम्
धनम् पंटलु पंडवलॅनोय ॥

14. आकुलंदुन अणगि मणगी
कवित कोकिल पलकवलॅनोय
पलुकुलनु विनि देशमंदभि-
मानमुलु मॉलकॅत्तवलॅनोय ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


सब धर्म और सब जातियाँ
भ्रातृत्व से बरता करें ॥

12. धर्म चाहे भिन्न होवें,
एक मन के मनुज होवें ।
जन्म तब तो चढ़ बढ़ेगा ।
संसार में फ़ब उठेगा ।

13. विशाल तरु देश रूपी
सुमन फूले प्रेम रूपी ।
नर-स्वेद से मूल भीगे ।
धन-फसल की उपज होवे ॥

14. दबे दुबके पत्तों तले
काव्य-कोकिल कुहुक बोले ॥
कुहुक सुनकर देश-उर में
प्रेम अंकुर फूट निकलें ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

## मुसलम्म-मरणमु

यह खण्डकाव्य स्व. डॉ. कट्टमंचि रामलिंगा रेड्डी की अनुपम कृति है जो स्त्रियों में त्याग और वीरता की भावना जगाने के लिए लिखी गयी थी। इसके कथानक का परंपरागत आधार भी मिलता है जो "अनंतपुर चरित्र" नामक ग्रंथ से ग्रहण किया गया है। आंध्र प्रदेश के वर्तमान अनंतपुर के समीप बुक्करायसमुद्र एक छोटा गाँव है जिसके तालाब के तट को "मुसलम्मा का तट" कहा जाता है जहाँ अब भी "मुसलम्मा"जो इस काव्य का प्रधान पात्र है, ग्राम-देवी के रूप में लोगों से आराधित होती है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


बुक्करायसमुद्र के पास जो झील है उसमें कभी अतिवृष्टि के कारण बहुत बड़ी बाढ़ आयी तो उससे सारे गाँव को बचाने के लिए, अशरीर वाणी के आदेशानुसार, उस गाँव की निवासिनी "मुसलम्मा" ने बड़ी वीरता पूर्वक जो आत्म त्याग किया था, वह इसकी वस्तु है। ग्राम के रक्षणार्थ बाढ़ से भरी उस झील में डूबकर आत्म बलि के लिए उद्यत "मुसलम्मा" के सास और ससुर से बिदा लेते समय उनको धीरज बँधाने का प्रसंग यहाँ दिया गया है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

## " मुसलम्म-मरणमु " से

### मूल: स्व. कट्टमंचि रामलिंगा रेड्डी

1. कॉड्डकुलॅल्लरु रामुलु, पुडमितनय
   लॅल्ल कोडॅड्रुरु, तक्कुव एमि मीकु?
   रॅप्पलक्षुल बोलॅ मिम्मॅप्पगिदिनि
   नहरहम्मुनु सेविंतुरडलनेल?

2. तल्लियु तंड्रियुं गुरुवु दैवमु लॅल्लरु मीर; मीरले
   चॅल्लगनिय्यरेनि यिक चॅल्लुॅन नादगु पून्कि यॅच्चटन्?
   गल्लर्यॉ सत्यमो एरुग; कर्मविपाकत नेर्पु वेळ मे
   नॅल्ल परोपकारमुनके यनि पल्कितिरट्लु चेसॅदन् ॥

3. अन विनि माम यिट्लनु नम्म! निनु दूर
   नॅन्चिन वाडगा नेनु विनुमु
   नीवॅरुंगनिदेदि नेनॅरुंगुदुनम्म
   नीयिच्च वच्चिनट्लॅ यॉनर्पु
   मनुचु दुःखम्मुन नाननम्मुनु वांचि
   यॉण्डु वलनु चूचुचुंडॅ नंत
   नत्तगारडलुचु नल्लन मुद्दिदडि
   पोयिरम्मनि पल्क पुव्वुबोणि

   हृदयमुन नग्गलंबगु प्रीति मॅरय
   तनदु चिन्नारि पॉन्नारि तनयु देर
   बनिचि कन्नुल नॉरु क्रोत्त प्रभ सॅलंग
   जंक निडिकॉनि मुद्दाडि जालि दोप ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# "मुसलम्मा की मृत्यु" से

## अनु: डॉ० चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

## मुसलम्मा के, सास-ससुर से, बिदा लेने का प्रसंग

1. "तव पुत्र सभी राम समान सुशोभित।
भूतनया सम पुत्र वधू सब राजित,
पलकों से नेत्र ज्यों सभी से रक्षित
तुम्हें कोई न कमी, व्यर्थ क्यों दुःखित?

2. माता, पिता, गुरु, देव मेरे सभी तो आप ही हैं।
कैसे प्रतिज्ञा मम निभे यदि निरोधक आप ही हैं?
जाने झूठ हो या सत्य, पर आपही ने सिखाया।
हो जीवन परहितार्थ, इसको लक्ष्य मैंने बनाया" ॥

3. ससुर ने कहा, "बेटी! करता मार्ग निरोध न मैं तव
जो तुमको ज्ञात नहीं वह क्या बात बताऊँ अभिनव?
स्वयं विवेकवती तुम करना अपना कार्य अभीप्सित।"
यह कह उसने मुँह फेर लिया, नेत्र हुए जल प्लावित ॥

4. माथा सूँघ सास बोली, "बेटी! जाओ", सकरुण।
प्रणाम कर उनके चरणों में, उसने भी हो सकरुण
ले निज तनय अंक चूम लिया, नव नयनाभा भरकर।
फिर बोली, "चिरजीवी हो सुत! साथ पिता के रहकर ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


4. अन्न पोर नीकु नम्म ऍक्कडिदिंक ?
तंड्रिगारि गूडि तनरु मय्य
नन्नु दलचि तलचि नायना ! यडलंग
वलदु पोयि वत्तु पंपु तंड्रि !

5. अनुचुन् बिड्डनि कौगिलिंचि तमि मूर्धाघ्राणमुं जेसि यॉय्यन भद्रंबनि प्राणनाथुनिकि दानर्पिंचि यर्पिंचुचो दनकुं बट्टक वच्चु बाष्पमुल नातंडेड लक्षिंचि ये इचुनॉ यंचानन मॉण्डुदिक्कुनकु ना शोभांगि त्रिप्पॅन्वडिन् ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


5. "बेटा ! याद मुझे कर रोना
न कभी, तेरी माता
न रहेगी आगे, भेज मुझे"
कहकर सूँघा माथा।
पुत्र सौंपकर पति के हाथों,
विह्वल हो सजल नयन।
कि न देख दुखी हों पति उसने
निज फेर लिया आनन ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

## "एकांत सेवा" से

### मूल: श्री वेंकट पार्वतीश्वर कवुलु

1. अलसिवच्चितिवेमॉ यनि जालिनॉन्दि
चलुव पन्नीटि चे चरणमुल् गडिगि
यलरु दुव्वलुवचे नड्डुगुल नॉत्ति
यरविरि गद्दॅपै नासीनु जेसि
फलरसंबुल तोड पानीय मॉसगि
चक्कनिनॅम्मेन चंदनंबलदि
तनिवार कर्पूर तांबूलमिच्चि
श्रमवाय जेयगा सरसनु जेरि
विरजाजि सुरटील विसरुचुनुंड
नामेनु मरपिंचि नाकनु गप्पि
इंद्रजालमु चेसि येगुट नीकु
न्यायमै तोचॅने ना जीवितेश!

2. विरिदंड मॅडलोन वेयुटे कानि
कन्नार नी मूर्ति गांचने लेदु
प्रणमिल्लि यड्डुगुल बड्डुटये कानि
चेतुलारग सेव चेयनेलेदु
निनुगांचि मुग्धनै निलुचुटे कानि
प्रेमदीरग बल्करिंपनेलेदु
एमेमॉ मनसुलो नॅन्चुटे कानि
तिन्नगा नाकोर्कि तॅलुपनेलेदु
बोधंबुलो सुप्ति पोडसूपबोलु
कनुललो जूपुलो गाविरुल् ग्रम्मॅ

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# "एकांत सेवा" से

### अनु: श्री बालशौरि रेड्डी

1. देख थके आये होगे दया कर सुगंधित
शीतल जल चरण प्रक्षालन करके।
सुंदर पीतांबर से पोंछ चरण, कुसुम-
सिंहासन पर सुख से आसीन करके।
मधुर फलों के रस का पानीय पिलाकर
सुंदर तन पर चंदनलेप करके।
कर्पूर सुगंधित तांबूल से तृप्त करके
श्रम दूर करने पास पहुँच करके।
जुही-पंखे से वायु सेवन
कराती जब, कर बेसुध मुझे
आँख बचा, इंद्रजाल करके
जाना प्रभु! लगता न्याय तुझे?

2. तुम्हारे कंठ में पुष्पों की माला तो पहनायी
लेकिन आँखों भर तेरी मूर्ति देखी नहीं।
तव चरणों में गिरकर प्रणाम तो किया
पर हाथों से तेरी सेवा कुछ भी की नहीं।
तुझे देखकर मुग्धा बनकर खड़ी रही
परंतु प्रेम से बोली तक कुछ भी नहीं।
अपने मन में क्या क्या सोचती ही रह गयी
सीधे अपनी कामना प्रकट तो की नहीं।
जागृति में सुप्ति दीखती सी
दृष्टि में कालिमा छाती सी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


वॅलुगुलो जीकटि विरिसॅ गाबोलु
मनसुलो दॅलिविलो मरपुलु दोचॅ
आनंदमंदुटे यपचारमनुचु
अवशनै युंडुटे अपराधमनुचु
मदिनॅञ्चि यीरीति मायलु सेय
भाव्यमै तोचॅने प्राणेश! नीकु ॥

3. कल्याण विभु सेव गाविंचुवेळ
येमि चेयग बोयि येमि चेसितिनॉ?
प्राणनाथुनितो भाषिंचुवेळ
नेमि चॅप्पग बोंयि येमि चेप्पितिनॉ?
विश्व मोहन मूर्ति विनुतिंचु वेळ
नेमि पाडग बोयि येमि पाडितिनॉ?....

कट्टिन पूदंड कट्टिनट्लुंड
पट्टिन हारति पट्टिनट्लुंड
वॅडलि पोयिनयट्टि विज्ञान मूर्ति
मदि येमियॅञ्चॅनो मरलि राडायॅ ॥

4. आवेळ मॉदलुगा ननुनिमुषंबु
नेरीतिनुंटिनो यॅरुगवटम्म
अवशनै चेसिन यपचारमुनकु
गुण निधानुंडिट्लु कोपिंपदगुनॅ....
साक्षात्करिंचिन स्वामिनि गांचि
निलुवॅल्ल बुलकिंप निलुचुट कंटॅ
कल्याण निलयमौ कांतुनि मूर्ति
निलुवु टद्दंबुलो निलुपुट कंटॅ
अदरि पाटुन दोचु नात्मेशु जूचि, वॅरि नै वॅनुकंज वेयुट कंटॅ
प्रेम गीताललो ब्रियुनि पेरॅत्ति, गद्गद स्वरमुनु गांचुट कंटॅ

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


किरण में अंधेरा खिलता सा
मन तो विस्मृति में खोता सा ।
आनंदित होना ग़लत समझ
अवशा रहना अपराध समझ
यों माया में फँसाना मुझे
प्राणेश ! लगा क्या ठीक तुझे ?

3. प्रभु सेवा में कुछ का कुछ क्या
काम किया हो मैंने
पति से बातों में कुछु की कुछ
बात कही हो मैंने
विश्व-विमोहन-स्तुति में कुछ का
कुछ गाया हो मैंने....

माला तो जैसी की तैसी
रही तो आरती भी वैसी....
विज्ञान मूर्ति तो चले गये ।
क्या सोचा हो, लौट न आये ॥

4. उस दिन से कैसे रहती पल पल नहीं जानती क्या ?
अवशा के अपराध पर गुणधाम का क्रोध उचित क्या ?
प्रत्यक्ष हुए प्रभु लखकर पुलकित होने से बढ़कर
कल्याण-धाम कांत की मूर्ति हृदय-मुकुर में रखकर
चौंक देख प्रभु मुझ पगली के पीछे हटने से बढ़
प्रेम गीतों में प्रिय-नाम लेकर गद्गद होने से बढ़

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


दासि चेसिन यट्टि तप्पेमि कलदॉ
आनतिम्मनि स्वामि नड्डगुदु गानि
वनंबु लोपलि पुष्परथमु
तुम्मेदा ! वेवेग तोलितेवम्म !

5. प्रणय सौधंबुलो बतियुंड्डुवेळ
प्रेमतो मनसिच्चि पिलिचॅड्डु वेळ
आनंद मूर्ति यै याडॅडि वेळ
चित्तमा ! चित्तमा ! चॅदरबोकम्म !
प्रेमालयंबुलो ब्रियुडाड्डुवेळ
प्रेम डोलिकललो ब्रियुडूगु वेळ
आनंद साम्राज्य मंदॅडिवेळ
चित्तमा ! चितत्मा ! चॅदरबोकम्म !

6. ईमॉग्ग विरियिंचि इन्नाळ्ळदाक
दंड गूर्चुट किंत तडयुट येल ?
ई पंड्ड पंडिंचि यिन्नाळ्ळदाक
आरगिंचुट किंत यालस्य मेल ?
एमैन नॅट्टुलैन निप्पटिकैन
निखिलेश ! नी कृपान्वित कटाक्षमुन....
करुणावनमुलोनि कल्याण वीचि....
कन्नुलु चल्लगा गनुगॉन गंटि
हृदयेश ! ना भाग्यमे भाग्यमय्य ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


दासी का अपराध हुआ क्या?
पूछूँ, प्रभु की हो आज्ञा क्या?
कुसुम-रथ प्रणय वन का भौंरे!
बहुत शीघ्र हाँक लाओ रे!

5. प्रणय सौध में पति रहते जब
मन से, प्रेम से बुलाते जब
आनंद मूर्ति खेल रहे जब
मन मेरे! मत घबराना तब ॥

प्रेमालय में प्रिय खेलें जब
प्रेम-झूले प्रिय झूलते जब....
आनंद सामाज्य मिलता जब
मन मेरे! मत घबराना तब ॥

6. यह कली खिला, हार बनाने
में इतनी देरी क्यों?
यह फल पकाकर, ग्रहण करने
में इतना विलंब क्यों?
कुछ भी कैसे भी हो प्रभु!
अब तेरी कृपा-दृष्टि में
मैंने देखी कल्याण वीचि,
तेरे करुणावन में।

आँखें शीतल, हृदयेश! भाग्य
मेरा है सच्चा महा भाग्य।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


सर्वलोकेश ! यी सालभंजिकनु
नी केळि गृहमंदु निलुव गानिम्मु
भुवन संत्राण ! यी पुष्पवल्लिकनु
नी पूल तोटलो निलुवगानिम्मु
कल्याण धाम ! यी कनक पीठिकनु
नी पादमुल पॉन्त निलुवगा निम्मु....
दयतोड दिलकिंचि दास्यंबॉसंगि
नन्नेलुकॉनुमय्य ना जीवितेश !

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


7. प्रभु ! यह साल-भंजिका रहने दो निज क्रीड़ा गृह में
विभु ! यह पुष्पवल्लिका रहने दो निज पुष्पवनों में
नाथ ! यह कनक-पाद-पीठ दो रहने निज चरणों में
पालन कर जीवन-प्रभु ! दासी का, करुणा भर दृग में ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# जन्म भूमि

**मूल : श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव**

ए देश मेगिना एंदु कालिडिन
ए पीठ मॅक्किना एवरॅदुरैन
पोगडरा नी तल्लि भूमि भारतिनि,
निलुपरा नी जाति निंडु गर्वम्मु ।
लेदुरा इट्टुवंटि भूदेवि एंदु
लेरुरा मनवंटि धीरु लिंकॅन्दु

ए पूर्व पुण्यमो, ए योग बलमॉ
जनियिंचिनाडवी स्वर्ग लोकमुन
ए मंचि पूवुलन् प्रेमिंचिनावॉ
निनु मोचॅ नी तल्लि कनक गर्भमुन ॥
लेदुरा इट्टुवंटि भूदेवि ऍन्दु
लेरुरा मनवंटि धीरु लिंकॅन्दु

सूर्युनि वॅलुतुरु सोकुनंदाक
ओडल जॅन्डालु आडुनंदाक
नरुडु प्राणालतो नडुचुनंदाक
अंदाक गल यीयनंत भूतलिनि
मन भूमिवंटि कम्मनि भूमि लेदु ।

तम तपस्सुलु ऋषुल् धारपोयंग
चंड वीर्यमु शूर चंद्रुलर्पिंप
राग दुग्धमु भक्त राजु लीयंग
भाव सूत्रमु कवि बाँधवुलल्ल ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# जन्म भूमि

अनु: डॉ० आदेश्वर राव

चाहे जिस देश में भी क्यों न जाओ
जिस प्रान्त औ' जिस पीठ पर भी
क्यों न तुम निज पैर रक्खो,
और कोई सामने से क्यों न गुजरें,
तुम करो गुण-गान अपनी मातृभूमि भारत का
औ' करो रक्षा अपने जाति-गौरव की।

किस पूर्व पुण्य से, किस योग-बल से
जन्म तुमने लिया इस स्वर्ग-भुवि पर
जाने किन पुण्य पुष्पों से तुम ने स्नेह जोड़ा
कि तुम्हें कनक-गर्भ में माता ने पाया।
ऐसी भूदेवि तो कहीं नहीं रे!
हम जैसे धीर नहीं कहीं रे!

बढ़ेंगी जहाँ तक सूर्य की रश्मियाँ
नाचेंगी जहाँ तक नावों की झंडियाँ
वहाँ तक जो पृथ्वी फैली हुई है
उस में भारत-सी प्यारी भूमि नहीं है।

ऋषियों के पावन तप-धन से
धरणीशों के शौर्य-हार से
भक्त-रत्न-शुचि-राग-दुग्ध से
कवि-प्रभुओं के भाव-सूत्र से

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


दिक्कुल कॅग दन्नु तेजंबु वॅलुग
जंगमुलनूगिंचु मगतनंबॅगय
रालु पूवुलु सेयु रागालु साग
सौंदर्य मॅग बोयु साहित्य मॉप्प
वेलिगिन्दीदिव्य विश्वंबु पुत्र !
दीपिंचॅ नी पुण्य देशंबु पुत्र।
अवमान मेलरा अनुमान मेल
भरत पुत्रुड नंचु भक्तितो पलुक ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


दिगन्त व्यापी प्रभा-दीप्ति से
पत्थर को पुष्प बना
सकनेवाले अमर गान से
अग-जग कम्पित करनेवाले
वीरों के पौरुष, प्रताप से
सौन्दर्यमयी साहित्य-विभव से
हे पुत्र! तुम्हारा दिव्य विश्व चिर शोभित!
हे पुत्र! तुम्हारा पुण्य देश नित दीपित!!
"मैं भारत पुत्र हूँ" भक्ति युक्त कहने में
मानो क्यों अपमान? क्यों शंका मन में?

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# विरह वीथी

मूल : श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

हेम पालल चंदन मॅण्डिपोयॅ
द्वारमुलु मोयुचुन्नवि हारमुलनु
सानलंदिकॅ स्नान कषाय गंध
मबल, ऍवनि कोसमु सगमयि क्रुशिंतु ॥

चॅक्कु चॅदरनि पापट चिक्कुवडियॅ
वेणिबंधमु शिथिलमै पिरुदुलंदॅ
करगि चॅरगिन तिलकरेखलनु तुड्डुव
वतिव, यॅवडाहरिंचॅ नी यार्द्र हृदिनि ॥

पालु पॉङ्गिन गति पॉङ्गु प्रणय रक्ति
नापुकॉनलेनि पड्डुचु प्रायंबु तोड
नम्मि, यॅवनिकि नी मन मम्मि कॉण्टि
वुविद, यी मेघ मास नवोदयमुल ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# विरह वीथी

अनु: डॉ० चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

हेम पाल का सूख गया है चंदन।
करते हैं अब द्वार हार-भार वहन।
सूखा चकलों में स्नान सुगंधित चंदन।
अबला! किसके हित हो जाती कृश तन?

माँग पड़ी है उलझी तेरी सुंदर।
छूटी वेणी लटक रही नितंब पर।
गलित तिलक रेखाएँ पोंछ न लीं।
तव आर्द्र हृदय आशा किसने हर ली?

प्रणय राग जिस यौवन में जगता है
दूध समान व उद्दाम उफ़नता है।
उसमें किस निर्मम पर विश्वास किया?
पावस में अपना मन यों बेच लिया?

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# प्रबोधमु

## मूलः श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

अमरावती पट्टणमुन बौद्धुलु विश्व
विद्यालयमुलु स्थापिंचुनाड्डु
ओरुगल्लुन राजवीर लांछनमुग
वलु शस्त्र शाललु निलुपुनाड्डु
विद्यानगर राजवीथुल कवितकु
पॅण्ड्रिल पंदिळ्ळु कप्पिचुनाड्डु
पॉट्नूरिकि समीपमुन नाँध्र साम्राज्य
दिग्जय स्तंभ मॅत्तिंचुनाड्डु
आंध्र संतति के महिताभिमान
दिव्य दीक्षा सुख स्फूर्ति तीवरिंचॅ
ना महावेश मर्थिंचि यांध्रुलार
चल्लुडांध्रलोकमुन नक्षतलु नेड्डु ।।

तन गीति यरवजातिनि पाटकुलनुगा
दिद्दि वर्धिल्लिन तॅनुगुवाणि
तन पोट्ठलु विरोधि तंडबुलकु सहिं
पनिविगा मॅरसिन तॅनुगु कत्ति
तन यंदमुलु प्रांत जनुल कभिरुचि वा
सन नेर्प नलरिन तॅनुगुरेख
तन वेणिकलु वसुंधरनु सस्य श्याम
लनु जेय चॅलगिन तॅनुगु भूमि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# प्रबोध

## अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

अमरावती में बौद्ध विद्या पीठ की कर स्थापना
कर "ओरु गल्लु" में नृपोचित शस्त्र-शाला स्थापना
विद्यानगर में आंध्र कवितोद्वाह-मंडप भी बना
पोट्नूरु समीप आंध्र दिग्जय स्तंभ की कर स्थापना
आंध्र संतति दीप्त थी जिस महिमाभिमानावेश से
औ दिव्य दीक्षा से तथा जिस स्फूर्ति विद्याभ्यास से
अब कामना कर आंध्र वर सुत! उस महित आवेश की।
अक्षत रखो तुम आंध्र भू के शीर्ष पर शुभ वेष की॥

वह तॅनुगु गिरा जो तमिलों को गायक बना सोहती
वह तॅनुगु घन-असि चमककर जो रिपु-कंठ में सोहती
वह तॅनुगु रेखा सिखाती प्रांत-भर अभिरुचि-वासना
वे तॅनुगु नदियाँ शोभतीं जो सस्य भरिता भू बना
इस आर्द्र मानस-वीथियों में विचरती तो देख के
प्रति फलित करता स्मृति पटों मैं स्वाभिमानी लोक के
नहीं मर गया, नहिं मर गया, वह आंध्र उज्ज्वल चरित है।
अब हृदय फाड़ उसे पढ़ो रे जो सदा रस भरित है॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


अस्मयार्द्र मनो वीथि नावहिंप
ज्ञाप्ति कॅलयिंचु चुन्नाड, चावलेदु
चावलेदु आंध्रुल महोज्जवल चरित्र
हृदयमुलु चील्चि चदुवुडो सदयुलार ॥

कृष्णातरंग पंक्तिन् द्रॉक्कि लुळ्ळित
नांध्र नौकलु नाट्यमाडुनाडु
इंटिंट देशि साहित्य दीपमुलतो
नांध्र तेजस्सु रापापुनाडु
सुकुमार शिल्प वस्तु प्रपंचमुनंदु
नांध्र नैपुणि पंतमाडुनाडु
समर सेनाव्यूह जयपताकल क्रिंद
नांध्रपौरुषमु चॅण्डाडुनाडु
चूचि, संतोषमुन तलल्चि, गर्व
माचि, आंध्र पुत्री पुलुलंदगलरु
शांति, नंदाकलेदु विश्रांति मनकु
कंकण विसर्जनल क्रिदि कालमगुनॅ ?

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


जब आंध्र नावें डोल कृष्णा वीचियों पर नाचतीं,
जब आंध्र तेजोराशि वाणी-दीप चूम विराजती,
जब रुचिर शिल्प कला-जगत में आंध्र-पटुता भ्राजती,
जब आंध्र शक्ति समरभूमि में जय गर्व से शोभती,
तब देख, हर्षित सिर हिलाकर आंध्र नर नारी यहाँ
सुख शांति पा सकते, तभी तक शांति मिल सकती कहाँ ?
कंकण विसर्जन का नहीं यह समय आंध्रो ! देख लो।
सुंदर भविष्य तब सर्वदा ही रहेगा, मान लो ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# अमलिन प्रेममु

मूल: श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

चॅलिया! ऍन्नडॉ चेरदीसॅ मनलं जिन्नारि नेस्तंबु, मु
ग्धुलमै युंट नॅरुंगमैति मपुडे घोषन् रवैन, कं
दळित स्निग्ध रसोदयंबगुट चेतं बिप्पुडल्लाडिया
कुलु मेयुन् बलवद्वियोगमु लनुंगु प्रेमलं द्रॅम्पगन् ॥

तन गुण लतलु पूचिन शोभलोयन
चिरु नव्वु वॅन्नॅलचॅण्ड्लु विसर
तन मनोलील कांचिन राग मधुवन
पलुकु कॉम्मलु पूलपालु पिदुक
तन भाव बंध मंदिन विभ्रमंबन
चूपुलु बलपुट्टुच्चलनु पन्न
तन प्रेम भावनल् गनु नूत्न कळलन
नडलु प्रायंपु मन्ननलु सूप
कनुल नरवालिच पातिताक्षमुलतोड
गांचियुनु गांचलेनि क्रीगंटि कॉसलु
पॅडल वालिकल् राल निल्चॅडु त्वदीय
मौग्ध्य मॅडशाय लेदु ना मदि लतांगि!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# निर्मल प्रेम

### अनु : श्री रापर्ति सूर्यनारायण

(श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव के "तृणकंकण" नामक लधु काव्य से यह प्रसंग दिया गया है जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के वासनातोत निर्मल प्रेम का वर्णन किया गया है। प्रेमी और प्रेमिका की बचपन की मित्रता अंत में प्रणय के रूप में परिणत होती है, जो दैवयोग से विफल होता है। किंतु प्रेमिका संयमशाला बनकर अपने प्रेम को उसी पुरानी मित्रता के रूप में परिवर्तित कर लेती है और प्रेमी से भी तदनुरूप मानने का अनुरोध करतो है। उससे प्रेरित होकर प्रेमी उसके हाथ में तृण का कंकण बाँधता है।)

प्रेमी :—बाल्य नेह ने हमें मिलाया। मुग्ध हुए हम, छायी माया।
नहीं जानते थे तब कुछ भी। क्या था हृदयों का घोष सभी।
हुआ रसोदय स्निग्ध कंदलित। प्रेम पाश अब वियोग विदलित।
निरुत्साह होकर अब मानस। तृण खाता है सखि! जड़तावश ॥

मंदहास ने फेंके शीतल। शुभ्र चंद्रिका गुच्छ महीतल।
मानों मौग्ध्य सुगुण-लतिका ने। दिये छटा-सुम हों जग भाने॥
सुस्वररूपी मंजरियों ने। सुम-पय दुहा अधर के कोने।
मानों मौग्ध्य मनोलीला का। हो सुराग-मधु, शिव प्रतिभा का॥
मधुर दृगों ने अपनी माया। दिखा मोह का जाल बिछाया।
मौग्ध्य-भाव-बंधन का विभ्रम। मानों फैला हो बन विक्रम ॥
हंस गमन ने मान दिखाया। यौवन का जो मद का छाया।
मौग्ध्य प्रेम भावना की जनीं। हों मानों नवकलाएँ घनी ॥
अर्धनिमीलित अधो विलोचन। करते सदैव जो प्रेमार्चन
देखकर भी नाहीं देखते। मनसिज सायक अपांग झुकते।
लेकर उन्हें त्वदीय मुग्धता। मम उर बसती भरे स्निग्धता ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


ना यनुगुं जॅली ! चॅलिमि नाटि चित्तमॅ यार्द्र, मंदु ना
शायत रंजनंबयि प्रियॅबनर्यिचिन या दशल् कडुं
दीयमु लेमि चॅप्प ! विडदीसिन रेकुल पूवु चंदमै
पोयिन मैत्रि के गतुलु पो वलवंतलु दक्क नी भुविन् !

पॉरु पॅरुंगक आॅक कंचमुन भुजिंचि
मनसु नाटिन ममतल ननगि पॅनगि
वलचु जतलनु विडदीय दलचुनेनि
प्रेम नलयिंचु सृष्टि दैविकमु गादु ॥

नष्टमैनट्टि प्रेमखंडमुल कॉक्क
सुकवियक्षर जीव गीतिकय चालु नाकु
सक्रिय, विश्वास बाष्पमुल् चालु नाकु
लेदु वेरास प्रणय वल्लीमतल्लि "....

आमॅ :—तगुनोई ? मित्रुडा नॅ
व्वगलन् दुरपिल्ल, प्रेमबंधमुलकटा
तॅगवोयी तॅग द्रॅम्पि
मिगुलग नित्तुरॅ मनंबु मिथ्याभ्रमलन् ॥

दैविकंबगु सुकृतिनि दक्क नवनि
जतल प्रेमोदयंबु संगतमु कादु
अंदु नस्खलित प्रणयानुरक्ति
चिर तपश्शुद्धि चे गानि दॉरक बोदु ॥

बॉन्दि नटिंचु प्राणि वलपुल् सुडियिंचिन वेळ निंद्रिया
ळिंदनियिंप कौतुक मलीमसमौ, नटबड्ड धर्मपुं
बंदसु लीड्चि यीड्चि अनपत्यमुखादिकमैन भूतर
क्ति दगुलूनि प्रेमरुचिकि न्वॅलियौट लॅरुगवो चॅली !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


मन होकर आशायत रंजन। आर्द्र हुआ पाले प्रेम सघन।
बनी वे अवस्थाएँ सुमधुर। जिन्होंने बढ़ाया प्रेमांकुर।
पटल हीन सुमसम मैत्री की। प्रेम व्यथा ही गति धात्री की ॥

मिल जुल इक थाली में खाकर। स्नेह लता से जकड़े जाकर।
जिन युगलों ने प्रीति बढ़ायी। उनपर विपदा किसने ढायी?
प्रेम को सतानेवाली वह। सृष्टि न दैविक, देता हूँ कह ॥

हे सखि, ध्वस्त प्रेम-खंडों को। प्रेमावंध्य-शुष्क कांडों को
अक्षर-जीवंत गीत इक ही। अलम्, सुकवि ने यदि सरस कही।
केवल विश्वासाश्रु चाहिए। प्रणयिनि! मुझे न और चाहिए ॥

प्रेमिका :—मित्र! बिलखना ठीक नहीं है। यत्नों से टूटता नहीं है।
प्रेमबंध जो पुष्ट सुदृढ़ है। भ्रम से घुलता दृढ़ मन-घन है ॥

बिन दैविक सत्कृति के जग में। प्रेमोदय होता न युगल में।
फिर प्रणयानुरक्ति अविखंडित। बिन तपके होती न संघटित ॥

काया धरकर प्राणी साग्रह। इंद्रिय वश मोह में चला बह।
चलता विषय लोल जो होकर। उस प्राणी का कौतुक कच्चर।
नियत धर्म बंधन जो तजकर। निस्संतान रहे सुकर्म कर।
भूत-प्रेम उसके मन मिलता। स्वाद प्रेम का उसे न मिलता ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


चैत्रुतोवच्चु पल्लव समुदयंबु
हिमवद्गागमुन नशियिंचिनट्लॅ
पङ्चुदनमुतो जिगुरिंचु वलपुलॅल्ल
कलुकॅर्डालि क्रुशिंचुनु जराक्रांतदशल ॥

कलिसिनयंत मात्रमुन कादुसुमी चॅलि कारमंतरं
बुल नतुकंग जालिन अपूर्वपुलॅय्यॅ स्नेहमौ तद
स्खलित समस्त साधनमु ज्ञान विदग्धुल मार्ग सूत्र, मे
वलतियुनैन प्रेम परिपाकमु लिट्टुलॅ यन्वयिंचॅडिन् ॥

परम धर्मार्थमैन दांपत्य भक्ति
स्तन्य मोहनमैन वात्सल्य रक्ति
साक्षिमात्र सुंदरमैन सख्य सक्ति
पॉन्दु नादिममगु प्रेमयंदॅ मुक्ति ॥

वलपुल पूलसंकॅल्लु बंदमुलेयग गुव्वजंट, नि
र्मलमगु वत्सलत्व मॅंदरागिल आवुल तल्लिबिड्ड ले
कलुषमु लेनि सत्प्रणय कांक्षलु मेळन जेय मित्रमुल्
मॅलगुदुरी रहस्यमॅ सुमी कनिपिंचॅड्ड सृष्टि यंदुनन् ॥

मनसुचे वाक्कुचेत कर्मंबुचेत
कलुषितमुलु का दगिन वी वलपु लवनि;
तपसुचे, तालिमचे, ध्यान धार चेत
लीनमै यैक्य मीय जालिनदि प्रेम ॥

शांतियु ब्रेमयुन्मधुरसंबुलु, पेशलराग लालित
स्वांतदळीपुटंबुलनु अय्यवि अस्खलितंबुलै मनुन्
अंतरमुल् पॅनंचिन प्रिय प्रणयंबुलु मायबेवु वि
भ्रांतियॅ काक प्रेम गलुपन् विड़दीय निमित्त साध्यमे ?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


मधु दिवसों का पल्लव समुदय। बढ़ पतझड़ में पाता क्षय।
प्रेमांकुर यौवन मोह जनित। निष्प्रभ होते जरा में कृशित॥

देह मिलन स्नेह न कहलाता। स्नेह से हृदय-युग जुड़ जाता।
उसके साधन पुरुषाकर्षक। जो ज्ञानी के हैं पथ दर्शक।
इस विधि होकर असीम विदेह। सत्य प्रेम मधुर होता स्नेह॥

धर्म युक्त दांपत्य भक्ति है। स्तन्य मधुर वात्सल्य रक्ति है।
सख्य सक्ति है साक्षात्सुंदर। इनका योग प्रेम के अंदर॥

प्रेम पुष्प श्रृंखला बद्ध हो। सोहे कपोत युगल शुद्ध हो।
वत्सलता के मोती पोहे। धेनु वत्स सह अति ही सोहे।

अकलुष प्रणयाकांक्षासंयुत। मिल रहेंगे नित ही अच्युत।
हे साथी! अद्भुत रहस्य यह। दिखता, सृष्टि में मुदावह॥

मन वच कर्मों से बन कलुषित। मोह पाश इस जग में दर्शित।
ध्यान, सहन, तप से प्रीति सदा। विलसती एकता रत सुखदा॥

शांति और प्रियता हैं मधुरस। राग हृदय दल संपुट में बस।
वे जीते हैं अच्युत अमलिन। मिलन वियोग क्षणों में प्रतिदिन॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


कामसु लेनि मेळन सुखंबुन ग्रालु लतासुमंबुला
राममुलंदुनुंडियु परस्परमुन्विडनाड ; वॅट्टु ली
प्रेम तपः फलंबुनु लविंप दॅगिंचितिविप्पुडो चॅली !
एमिटि की चिर प्रणय वृंत निकृंतन पाप कर्ममुल् ?....

वलपुलॅ रहस्यमुलु, तद्विफलदशलु नि
गूढमुलुनु तदर्थमुलुनु गोप्यमुलु
विदग्धुल कनुभवैकवेद्यंबुलिवियॅ
एल मालु गर्भ विमर्श यिपुडु सखुड !

कनुल नॉण्डॉरुलनु जूचुकॉनुटकन्न
मनसु लन्योन्य रंजनल् गॉनुट कन्न
कॉसरि 'येमोयि' यनि पिलुचुकॉनुटकन्न
चॅलुल किलमीद नेमि कावलयु सखुड ?

भावबंधंबुगा मणिबंधमंदु
तॉलुत गट्टिति वी पट्टुतोरमीवु
विप्पॅदवॅ यिप्पु डनुचु जूपिंचि कनुल
नश्रुवुलु निंड बलुकलेदय्यॅ नामॅ ॥

निलिचिरि कॉण्डकवडिनि
ट्टुल नायिरुवुरुनु बॅनवड्डदमि पिदपन्
जॅलिय करंबुन तोरमु
वॅलिवरिचॅ नतङ्ग मनमु वॅडलिंप वॅतन् ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


काम-विरहित मिलन-सुख पाकर । लता सुम वनों लसें निरंतर ।
कैसे तुम हर्षित हो लवकर । प्रेम तपः फल प्रणयी होकर ?
कैसे उद्यत करने कर्तन । प्रेमतपः फल तुम प्रणय-सुमन ?
करो क्यों प्रणय-वृंत निकृंतन ? पाप कृत्य छोड़ो ज्ञानी बन ॥

प्रीति सर्वदा रहस्य होती । तद्विफल दशा निगूढ़ होती ।
गुप्त अर्थ उसका है होता । अनुभव वेद्य विज्ञ को होता ।
हे साथी ! क्यों करते हो यह । जननी गर्भ विवेचन दुस्सह ?

एक दूसरे के दर्शन से । पारस्परिक मनोरंजन से ।
अन्योन्य 'अजी' संबोधन से । बद्ध मित्र चाहते क्या मन से ?

कौशेय सूत्र बाँधा तुमने । मम मृदुल कलाई में लसने ।
भाव-बंध सा है उस दिन से । खोलो अब यह निश्चित मन से ।
आगे बोल सकी न, चुप रही । अश्रु नदी थी सरस बह रही ॥

दोनों इस विधि खड़े रह गये । प्रेम शृंखला बद्ध बन गये ।
सूत्र बंध फिर प्रिय ने खोला । या अपना च्युत मानस खोला ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


चॅन्त लवंग वल्लिकलचे कडलल्लि किशोरशाद्वला
क्रांतमुलैन पादुलकु गट्टॅडु चल्लनि नीरु वारुकु
ल्यांतमुलन् पॅरुंगु तरुणार्द्रतृणांकुर पाळि गिल्लि आ
कांतुडु विंतयैन यॉक कंकणमुन् रचियिंचॅ निंपुगन् ॥

नवकमॅडवोनि तृणकंकणमुनु केल
नंदुकॉनि यामॅ पयि नयनांचलमुलु
मरलिचि "सखिय! मनप्रेम मधुरलांछ
नंबिदियॅ सुम्मि" यनुचु हस्तंबु दॉडिगॅ ॥

ई तृणकंकणंबु भरियिंपुमु नी मणि बंधमंदु सं
प्रीतिनि अप्पुडप्डु वलपिंपुल नॅय्यमु ज्ञप्तिगॉन्न प्रा
भातिक वेळ नी प्रणय बाष्पजलांजलि नितयिच्चि ये
रीतिनि वाडकुंड नलरिंपु मिदे तुदि वांछ नॅच्चॅली!

अनुचु मोगमावलकु द्रिप्पॅ तरुणकिरणु
डाश मार्चिन यट्टु ला यमृतवतियु
त्रेलि वलपुटुंगरमुनु वॅडलदीसि
प्रिय सखुनि हस्तमु नलंकरिंचु चनियॅ ॥

"वलपु नशियिंचिन प्रेम निलुव गलद
येनि कलनैन कलुषमु गानि स्नेह
मृदु मधुरसानुभूतिनि बॉदलि मनमु
नीडलट्टुल नैक्यमंदॅदमु गात!

अपुडदृष्ट देवत करमल्ल साचि
ललितमुग जल्लु नमृताक्षतल विधान
वकुळ सुकुमार तरु मतल्लिकलनुंडि
जलजल बूलुरालॅ नाजंट मीद ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


समीप दूर्वायुत थालों के। शीतल-जल की कुल्याओं के
मृदुल तरुण तृण तब कर में धर। लता लवंगी से लपेटकर।
प्रेमी ने अति अद्भुत कंकण। प्रेम का बनाया शुभलांछन।

हाथ लिए वह पावन कंकण। विवश गड़ा सुदती पर वीक्षण
कर में पहनाकर तब साजन। बोला, "यही प्रेम का बंधन॥

तुम मानो न इसे साधारण। मणिबंध में करो सखि! धारण।
जब प्रभात में हो प्रेम स्मरण। तब इसको दो प्रणय-भाष्प कण।
देखो! यह न कभी कुम्हलाये। यह अंतिम इच्छा फल पाये॥

बोलते मुड़ा उसका आनन। ज्यों हो तरणि दिशा परिवर्तन।
अमृतवती बोली प्रिय के कर। अपनी अंगूठी पहना कर।

"नसे मोह जो है नित अस्थिर। प्रेम का रहे यदि मूल्य अमर।
सर्वकाल इस स्नेह से ग्रथित। मधुर सहानुभूति से प्रमुदित।
मिल जुलकर हम रहें परस्पर। छाया-देह समान निरंतर॥

वकुल तरु से सुवासित सुंदर। वर्षित सुम मृदुता से उनपर।
हैं मानों अमृताक्षत बिखरे। भाग्यदेवता के कृपा-भरे॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

## वांछलु

**मूल: श्री शिवशंकर स्वामी**

1. अहहा! अनंत विपुलाशल जिक्कि जिक्कि
बहुकालमीयॅडद बाधलु चॅन्दॅ नाथा!
सहियिंप लेक बहु साधन चेसि आशा
गहनांतरंबु विडगलुगिति नेटिकॅट्लो ॥

2. इपुडी मनस्सुनकु नॅन्तयु शांति युष्मत्
कृपचेत संघटिलॅ! ईतनि चित्तवृत्तुल्
विपरीत मार्गमुल वॅन्ट परिभ्रमिंप
कपुड्डन् भवच्चरितमॅ स्पृशियिंचु देवा!

3. सकलंबु नी चरण सन्निधियंदु नाथा!
प्रकटम्मुगा विडिचि, बाध्यत द्रोसि पुच्चन्
अकलंक मय्यॅ मनसाशलु वीडॅ वांछा
लिक मात्रमॅन्नटिकि देव तॉलंग कुंड्डन् ॥

4. कानैति गायकुड कर्मवशंबुचे वाक्
स्थानंबु मंदुनकु तावलमय्यॅ; ऐनन्
नेनॅल्लवेळलनु निंड्डु मनम्मु तोडन्
नी नाम वर्णमुलने जपियिंतु नाथा!

5. पालिंचु देवत नुपासन चेयमिन् वा
ङ्मालिन्यमय्यॅ, अणु मात्रमुवीडदैनन्
गालिंचि शब्दमुलु काव्यमुलल्लुदुन्नी
लीला कथामृत विलीन मनंबु तोडन् ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# अभिलाषाएँ

**अनु : श्री रापर्ति सूर्यनारायण**

1. नाथ! हृदय को अंत हीन चल आशाओं ने
जकड़ा तो बहु काल सताया बाधाओं ने।
मैंने स्थिर साधना की, उन्हें जब सह न सका
गहनाशा-कांतार किसी विधि मैं छोड़ सका॥

2. इस मन ने है भवत्कृपा से प्रशांति पायी।
इस जन की है चित्तवृत्ति पावन हो पायी।
परिभ्रमण विपरीत पथों में चित्त न करके
देव! सदा तव चरित छुएगा पद गा करके॥

3. हे ईश्वर! सर्वस्व तव पदों में अर्पण कर
सकल बाध्यता रहित हुआ मन पवित्र होकर
अब इस मन ने विविध दुराशाओं को छोड़ा।
पर वांछा-त्रिक तो न जायगा उससे छोड़ा॥

4. गायक तो मैं नहीं हुआ नाथ! कहूँ क्या?
दुर्विधि से वाक्स्थान मंद को मिला, करूँ क्या?
फिर भी मैं सब समय विबुध हो सुधा भरूँगा।
त्वन्नामाक्षर स्वांत शुद्ध कर जपा करूँगा॥

5. विश्वं भर पूजा न हुई थी, कलुषित भाषा।
पर छूटी अणु मात्र न मेरी यह अभिलाषा।
ढूँढ ढूँढ कर शब्द काव्य रचना कर पाऊँ।
त्वल्लीला-सत्कथा लीन मन हो सुख पाऊँ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. नाकॅन्नगा दगिन नैपुणि चित्रविद्यन्
स्तोकम्मु कानि मृदुतूलिकलो लिखितुन्
लोकैक नायक! विलोकन पर्वमैन
नी कम्र मंगळ विनील शरीर शोभन् ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



6. मेरी है निपुणता अल्प वर चित्र-कला में ।
सकल लोक परिपाल! रंग भर सुतूलिका में
तावक मंगल कम्र-नील तन की सुंदरता
मृदुल कल्पना पूर्ण खींच लूँ प्रियता भरता ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# संदर्शनमु

**मूलः श्री शिवशंकर स्वामी**

1. निंनु गनिन यंतलॅ निखिल लोक गंभीरता
मनोज्ञ महिताभयॅ मदिकि दोचु सीमंतिनी!
जनिंचु वॅनु वॅण्टने चकित लोचनांतोल्लस
द्विनम्रत घनम्मुगा विमलभाव संश्लिष्टमै ॥

2. चिरम्मुग मॅलंगु ना स्मृति पथम्मुनन् सम्मद
प्ररोह मुधुरम्मुगा भवदमोघ भूरिप्रभा
परीवृत शरीरमुन् परमपांडु कौशेयमुन्
करेणु वर यानमुन् कटककंकणारावमुन् ॥

3. प्रभाव सरसीरुह प्रतिभट प्रभावोल्लसत्
स्वभाव रमणीयमौ वदन बिंब मी प्रॉद्दुनन्
शुभांगि! युदयिंपगा सुदृढमामकांतर्व्यथा
विभावरि रयम्मुनन् वॅडलॅ नेत्रमार्गम्मुनन् ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# संदर्शन

## अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

1. हे सीमंतिनि! तुम्हें देखकर मानस भू अति भाती है।
सर्वलोक गंभीरता तथा महिताभा सरसाती है।
साथ उल्लसद्विनम्रता भी चकित नयन के कोनों की
विमल भाव-संश्लिष्ट हुए तब जगती है रस खानों की ॥

2. तावक भूरि विभा परिवृत तन विपुल क्षौम अति सुंदर था।
मद दंतावल यान तथा ही कंकण का अति मृदु सुर था।
मेरी स्मृति के अनंत पथ में ले सम्मदयुत सुमधुरता
करते हैं संचार निरंतर दिखा नर्तकीय चतुरता ॥

3. वदन बिंब कल्यांबुज प्रतिभट, प्रकृति सिद्ध सुंदरता से
सप्रभाव हो! हे शुभ तन! जब उदित हुआ तो ममता से
मेरे उर की सुस्थिर पीड़ा रूपी निशीथिनी भागी
जलद नयन के तरल मार्ग से आभा फैली मन रागी।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# विभ्रममु

मूल: श्री शिवशंकर स्वामी

देवि! ई नेत्रमुलकु यादृच्छिकमुग
त्वन्मनोहर रूप संदर्शनाभि
सिद्धि कै यॅन्नि सार्लु निर्लुचितिनॉ तॅलिय
दहह! वातायनम्मुल कभिमुखमुग ॥

विमल कमनीय वदनारविंद मधुर
वीक्षण क्षण रक्ति देवि! त्वदीय
सौध सविधम्मुनकु नॅन्नि सार्लु तीर्थ
यात्र सलिपितिनॉ दॅल्प नलवि कादु ॥

अमल संजीव नौषधंबौ त्वदीय
शांत रम्य कृपाकटाक्षम्मु कॉरकु
चॅलगि हर्म्यमुनकु प्रदक्षिणमुलॅनि
चेसिनाडनॉ लेक्किंकचि चॅप्पलेनु ॥

हृदय भार घनध्वांत विदलनाच्छ
चंद्रिका कांति पूर युष्मन्मनोज्ञ
दिव्य दरशनमुनकु मंदिरमु लोनि
कॅन्नि सारुलु वच्चिचति नॅरुक लेदु ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# विभ्रम

अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

तावक मनोज्ञ-रूप-सुमन के संदर्शन की
इन नयनों को सिद्धि मिलाने योग्यार्चन की
अभिमुख हो मैं अहो! खड़ा था वातायन के
ज्ञात न कितनी बार खोलकर द्वार नयन के ॥

तेरे सुविमल कमनीय वदन मृदु पंकज का
लेकर मधुर विलोकन क्षणिक राग हृत्पंकज का
मैंने यात्रा की है तेरे सौध सदन की
कितनी बार न बता सकूँ, गति विचित्र मन की ॥

उत्सुक मैं तव शांत कृपा वीक्षण पाने का
जो संजीवन अमल प्रेम जीवन देने का ।
मैंने इसके हेतु, सौध की परिक्रमाएँ
कीं कितनी ही अगणित, इसको कौन बताए ?

स्वच्छ चंद्रिका कांति पूर्ण दरहास तुम्हारा ।
हृद्गत भार तमिस्र हर सुधाकलश हमारा
मैं तत्प्राप्ति निमित्त ही भवद् गृह में आया ।
अगणित बार सुधा का सुमधुर जीवन पाया ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# उपहारमु

## मूल : श्री पिंगळि-काट्रूरि (कविद्वय)

पॉट मरिंचु मुन्न पुणिकिति नॉक कॉन्नि
कसट्रुवाय नट्टि पसरुमॉग्ग
लरसगम्मु विच्चि, यरविच्चि, नॅरिविच्च
नट्टि पूलु पुणिकि यंदु निंदु
ई पूदंड ग्रुतुननि यॅप्ड्डु तॉडंगितिनो
अति प्रयत्नापचितम्मु ला सुमम्मु
लन्नियु विस्मृतयत्प्रपंच धूळी
परमाणु कोटुल विलीनमुलै
पॉड मासिपोयॅनो, चेपडॅ नेटि की सुममु
चेकॉनि चेतु पुन: प्रयत्नमुल् ॥

ऑक्कॉक सुमग्गॅ एर्चि, नीकुपद सेय
गुणमुकॉन नल्ल नल्लन ग्रुच्चुचुंड
पूर्व पूर्व ग्रथित मैन पूलुरालि
मॉदलु कन्पिंचदी स्रजम्मुनकु नाथ!

पूलु रालु गाक पॉलिवोक तुदमॉदल्
निलुचु सूत्रमैन ने ग्रहिंचि
पूलु रालिनट्टि मालिकतॅत्तुना,
साक्षिगाग ना प्रयत्नमुलकु ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# उपहार

## अनु॰ श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित

विकसित होने से पूर्व कुछ नन्हीं-नन्हीं कलियाँ चुन कर
तोड़ लिया ऐसे मैंने अर्धविकसित पुष्पों को ले कर।
जाने कब से यह सुंदर हार बनाना आरम्भ किया
कितने यत्नों सेफूलों को चुनकर अपने हाथ लियां
फिर भी ये प्रसून धरा के किनकिन धूलिकणों में लीन
होकर खो बैठे निज तत्व, नियति नटी के चरणाधीन॥
आज मेरे कर में यह प्रेमिल एक मात्र लतांत आया
इसे पुनः लेकर हार अभी गूंथूँगा मैं मन भाया॥

तुम्हें भेट करने के मिस मैं गुणसूत्र में, हे प्रियवर!
धीरे-धीरे गूंथ रहा था, मधु सुमनों को चुन-चुन कर
पूर्व पूर्व में गुंथे हुए फूलों के यों जाने से झड़
माला का आरम्भ है कहाँ, पता नहीं चलता है झट॥

कोई बात नहीं यदि ऐसे झड़ जाते हैं फूल यहाँ,
आदि अन्त में लगे सूत्र को ग्रहण कर ले चलूँ वहाँ,
पुष्प विहीन माला ले कर होने दो जीवन क्रियमाण
कम से कम मिल ही जायेगा मेरे यतनों का प्रमाण॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


इंत तोट नाटियिच्चि पोयिन मन्म
थाति मन्मथुनकु नकट, पुष्प
शून्य सूत्र मॅट्लु सूडिद गाविंतु
रस विहीनुलगु विरक्तु लट्लु ?

प्रति तरुवुन् व्रतिव्रतति पल्लव तोरण
गट्टि, तोटलो कुतुकमु मीर पूसरुलु
ग्रुच्चि यिट्टुल् निनु वेचिंयुड
ना यतनमुलॅल्ल मानि तुदकंतयु
मालिक सेयुबॉण्टॅ ने क्षितिरुह मैन गानयिति
चॅल्लॅर, तीवयु काक पोयितिन् :

कन्नुल वॅन्नलैन निनु कन्गॉन गल्गि
सुधाप्रपूरमौ तिन्ननि नी यॅलुगु विनि
तेपकु ने निनु बल्करिंचु भाग्योन्नति
कल्गुनाडयिन नो प्रिय, नीयॅद व्रालि
नी गळम्मु न्नव पुष्प मालनयि
पूनक मानुदुना मनोधवा !

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



उपवन-दाता वह मेरे प्रिय, नवमन्मथाकार सुकुमार ।
कैसे दिया जा सकता—उसको पुष्प शून्य सूत्र उपहार ?
अवांछित अरसिक कोई जन ही कर पायेगा यह कार्य,
मैं तो सहृदय रहा, नहीं कर सकता अनुचित कार्य अनार्य ॥

हर बिरवा हर लता-बेल का बनकर सुन्दर वन्दनवार,
लगा प्रतीक्षा में, कौतुक से गूँथ रहा पुष्पों के हार
पुष्प मालिका में रूपांतरित करने को सारा जीवन
छोड़ न सका अपने यत्न, हा! मैं न बना तरुवर या बेल!

नयनों के हित मधुर चाँदनी जैसी प्रतिमा लख कर,
सुधा प्रपूरित मधुर ऋजु वाणी सुनकर
जिस दिन प्रेमालाप हेतु योग मिलेगा
झुक कर वक्षःस्थल पर तेरे गले में प्रियवर!
नवल पुष्पमाला सा शोभित हूँगा आकर ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# रसालमु

## मूल: श्री पिंगळि - काटूरि

1. काल वशमुनन् विसरु गाड्पुलकुन् मुदुराकु पुट्टमुल्
रालग बाटसारुल परामरिसिंपग लेक संपदल्
दूलिन दातवोलॅ जिगि दूलिन यी यॅलमावि गुन्न या
काल वशम्मु चेतनॅ सखा! विकसिंचॅडि सौरु गंटिवे!

2. चूचुकॉलंदि विंतलगुचुन् मनमुन् गरगिंचि नन्नु प्रे
रेच तॉडंगॅ नीदु नुनु रॅम्मल कैवडि मोसुलॅत्तु वा
चा चतुरत्वमंतयु रसालम! नीपयि जूपुमंचदे
नी चिवुराकु तळकुलनु, नी पुवुगुत्तुल कुल्कु नव्वुलन् ॥

3. परिणत सत्फलम्मुल, सुवासनलीनु सुमम्मुलन्, मनो
हरमगु तेनॅ दॉन्नल लतांत रजम्मनु कुंकुमम्मु प
ळ्ळॅरमुन निंचि चेत गॉनि लेनगवॉप्पग तोट वाकिटन्
सुरुचिर मूर्ति तो निलुचु शोभन देवतवीवु भूजमा!

4. कलिमि दॉलगि यत्नमुलु गालिकि बोयि विचार मेघमुल्
दलमुग जुट्टुकॉन्न परितापमु चेंदुटॅ कानि यॅन्नडुन्
दॅलियक पोति जीवमुन तेज मॉकिंडु नशिंपकुन्न नी
वलॅ मधुमास संजनित भाग्यमुलंदॅद नन्न धर्ममुन् ।

5. पायन् जालनु निन्नु, नन् विडकुमी प्रार्थिंतु नी पंडुलुगा
नी या पूवुलु गानी कॉम्मलनु गानी चेत मुट्टन् जुमी
नीयानन् वचियिंतु नम्मुमु निनुन् वीक्षिंचुचुन् जॉकिक नी
छाया शीतल सैकत स्थलि मनश्शांतिन् गनुल् मोड्चॅदन् ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# रसाल

अनुः डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

1. गरम हवाओं में पत्र पके जब झड़ते काल विवश
पथिकों को आश्रयदान न कर पा दरिद्रता के वश
संपत्ति विहीन बने दाता सम यह रसाल विलसित।
इसकी शोभा देखी मित्र, काल के वश ही विकसित?

2. हे रसाल! ज्यों ज्यों देख रहा, जाता है हृदय पिघल।
पल्लव कांति और पुष्प गुच्छ तेरे करते खिल खिल
मुझको प्रेरित, अभिनव वाक्चातुर्य दिखाऊँ तुझपर
जो नन्हीं टहनियों के सम फूट रहा तुझको लखकर॥

3. फल पक्व, सुगंधित सुम सुंदर, मधु के दोने मनहर
सुम रज रूपी कुंकुम को भी थाली में भर भरकर
अमराई के आंगन में तेरी, हँस मुख को लेकर
सुरुचिर मूर्ति विराजित है शोभा की देवी बनकर॥

4. धन खोकर, विफल प्रयत्न बना, हो चिंता-मेघावृत
रोना ही सीखा मैंने हो होकर दुख से आवृत
किंतु न जाना यह धर्म अटल, तेज रहा जीवन में
यदि, पा सकता भाग्य वही जो तू वसंत उपवन में।

5. छोड़ नहीं सकता तुझको, मत छोड़ मुझे विनती यह
स्पर्श न करूँ फलों को पल्लव फूलों को मम प्रण यह
तेरी शपथ, तुझे देख देख तेरी छाया शीतल
सैकत में कर विश्राम बनूँ सुनिमीलित नेत्र-कमल॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. तलिराकु जॉम्पम्मु तळुकु निग्गुलु नादु
नेत्र युग्मम्मुन निंडनिम्मु
पू देनियल चॉक्कंपु दीवु रुचुलु वा
ग्विलसनंबुनकु लभिंप निम्मु
तळुकु बंगारु चाय गल पंडुल मिसिमि श
रीरम्मुनकु नावरिंपनिम्मु
पूवु गुत्तुल कम्मतावुलु मा यूर्पु
गालि तो नैक्यम्मु गांचनिम्मु

प्रकृति सौभाग्य मॅन्तयु राशियैन
विधमुनन् दोचुचुंटिवि वॅदकि
यी सरिकि लभ्यमय्यॅ नुपासनाधि
देवत यटंचु निन्नु नर्थिंचुचुंटि ॥

जंतुकोटिकि संताप जनकमैन
चंडभानुनि कर सहस्रम्मु नुंडि
यमृतमु ग्रहिंचु शक्ति नीयंदॅ कलदु
दानि दयसेयुमम्म ! यीतनिकि सुंत ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. चमक पल्लवों की मेरे नेत्र युगल में भरने दो।
स्वाद पुष्पमधु का भी मेरी वाणी में भरने दो।
मधुर फलों की स्वर्णाभा मम शरीर पर छाने दो।
मंजरियों की सुगंध मेरी सांसों में आने दो॥

7. लगते तुम मानों राशीकृत
सभी प्रकृति सौभाग्य।
खोज पा सका निज उपास्य को,
यह मेरा सौभाग्य॥

8. संताप जनक रवि किरणों से
तुम ही कर सकते अमृत ग्रहण।
वह थोड़ी शक्ति मुझे देना
करके मेरी प्रार्थना श्रवण॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मृत्युंजया !

**मूलः श्री माधवपॅद्दि बुच्चिसुंदर रामशास्त्री**

1. मॅड नागन्नकु नॉक्कटे बुसबुसल्, मेनन् सगंबैन या
बिड तो नी कॅपुडॉक्कटे गुसगुसल् वीक्षिंचि मी चंद मॅ
क्कड लेनंतग नॅत्तिपै रुसरुसल् गंगम्मकुन्, नी चॅवि
बङ्डेलागुनॉ मा मॉरल् तॅलियदप्पा माकु मृत्युंजया !

2. पॅद्दं जेय मनस्करिंपदु निनुन् बिड्डं बलॅ जूचुचुन्
मुद्दुंजेयुचु मुच्चटाडुकॉनुचुन् मूपंदुनन् मोयुचुन्
सुद्दुल् सॅप्पुचु चेप्पिनन् विनुचु निन् जॉक्किंचुचु जॉक्कुचुन्
पॉद्दुल् पुच्चुट लुन्न जालु नितरंबुल् गोर मृत्युंजया !

3. इग नेन्नॉक्क कणम्मु सुट्टनु सुमी मी वल्ल, कैलासमुं
दिगि ना यिंटिकि वच्चि, नायॅदुट तंड्रिबोलॅ गन्पिंचि त
ल्लिग नन्नं दिनिपिंचि ना पलुकु चॅल्लिपन् वलॅन् गोरु कॉ
न्द्रुगदा बिड्डलचे पराजयमु तंड्रुल् देव मृत्युंजया !

4. चूडं जूड महाश्मशान मनिपिंचुन् नाकु नी लोक, मिं
देडन् गालिडबोव नेरि पयिनो ये वेयुवुन्नट्लुले
लो डक्कय्यॅडि गानि नी महिम या लोनॅ निवारिंचि, नी
क्रीडा रंग मटन्न माट स्मृतिकिं गीलिंचु मृत्युंजया !

5. नालो कॉन्नि दिनालनुंडि यॅवडो नागस्वरंबूदुचुन्
मूलाधारमुने कदल्चॅडिनि तन्मूलम्मुनं जेसि का
बोलुन् श्वासयॅ याडगा दॉडगु नॅपुड्डुन् देवता सर्पमै
पोलं जूडग नीवॅ यिंदुकु गतंबो यॅमॉ मृत्युंजया !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# "मृत्युंजयशतक" से

## अनुः डॉ. इ. पांडुरंगाराव

1. कंठ प्रदेश का नाग करता 'फू फू' कर फूत्कार निरंतर ।
अपनाकर आधातन गिरिजा फुसफुस करती है निसि वासर
देख जिसे सिरपर गंगा करती रिस रिस रोष बड़ा भारी
विनती तुझे सुनाई दे हे मृत्युजय! किस भांति हमारी?

2. मुझे नहीं अच्छा लगता है तुझको बड़ा बनाऊँ ।
बालक मान, दुलार प्यार से बहलाऊँ, बह जाऊँ,
पीठ चढ़ाकर अच्छी बातें बतलाऊँ फिर सुन लूँ,
बीते यों जीवन मृत्युंजय! और न इच्छा कर लूँ ॥

3. जब तक अपना गिरि तजकर घर न हमारे आओगे,
पास बुलाओगे न पिता सम माता सम न खिलाओगे,
खाना तनिक न छूने का मैं, जब तक बात न बनती है ।
मृत्युंजय! अपने बेटे से हार पिता को भाती है ॥

4. परख परख कर सोचें तो यह जग लगता है महास्मशान ।
यहाँ कहीं पर पाँव पड़ा तो होता मन में ऐसा भान ।
कहीं किसी पर पैर रखा है पर इतने में खुलते नेत्र ।
कहती मृत्युंजय! तव महिमा "यह मेरा ही क्रीड़ा क्षेत्र ॥"

5. जाने कौन बजाता मेरे अंतर कुछ दिन से यह "*नागस्वर" ।
विचलित मूलाधार तभी से लगता है सुन सुनकर यह स्वर ।
दिव्य सर्प सा नाच रहा है अंतर में यह श्वास निरंतर ।
कैसी यह लीला मृत्युंजय! तेरा ही मुखरित है यह स्वर ॥

---

* संपेरे की तूमड़ी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. नी नामम्मु जपंबॉनर्चिन कॉलदिन् विश्व गानम्मुगा
नानाटं बरिणाम मंदि यट्टुपैनन् ब्रह्मगानम्मुगा
रानुन् रानु ध्वनिंचि लोन निपुड्डुरूट्लूगु निंकॅन्दुनन्
लीनं बौटका! तृप्तिकात्म कॅट्टुलुन् लेदय्य मृत्युंजया!

7. ऍल्लन् नीवयि पोयि नीवु तलपै ये चिन्नि पुव्वट्लॉ जा
बिल्लि दालिचियुंड वॅन्नेललुगा विश्वान नीकांतुले
वॅल्लि गॉल्पॅडिनट्टुलुन्नयवि, यी वेळा विशेषम्मुचे
वॅक्कं बुच्कुमिंक दीनि मनसे वेरय्य मृत्युंजया!

8. लोकम्मंदुन गाक वॅन्नॅललु लोलो कायुनट्लुंडॅ न
य्याकाशम्मुन नुन्न जाबिलियु, नायंदुन्न डॅन्दम्मु नि
ट्लेकाकारत नॉन्द नेमि कतमो! यी यात्म संबंधमुन्
नी कारुण्यमु चेत नेर्पड्डुट गाने तॉचु मृत्युंजया!

9. नावंबॉलि प्रयाण मैनदि महानंद प्रवाहम्मुलो
भावं बॅच्चटिको कनुल् पगिलि पोवं जॉच्चु धावळूयमे।
लावण्यंबति गण्यमे! यॅट्टुलु कैलासम्मोको बॉन्दिने!
कैवल्यंबॉको जीवमुंडगनॅनिकम्मॉक्कॉ मृत्युंजया?

10. एरो वॅन्नॅल चीकट्लु गलसिनट्ट ली पर्वताग्रान नु
न्नारे! यॉवरिलोन निंकॉकरु लीनंबौचु नुन्नट्टुलुन्
वेरौचुन्नट्टु कानुपिंचॅदरॅ! कानी, वारिके वारु प
ट्टीरे! यादि पुराण दंपतुलु कारे वारु! मृत्युंजया!

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



6. विश्व गान में परिणत तेरा नाम हुआ है जपते जपते ।
ब्रह्मगान में फिर ध्वनित हुआ हृदय झुलाते बढ़ते बढ़ते ।
उमड़ रही अब फिर यह लहरी पता नहीं किसमें होने लय।
कहीं नहीं संतोष यहाँ पर चिर अतृप्त आत्मा मृत्युंजय!

7. फैलकर जगत में तू सिरपर कुसुम समान चंद्र धरता है ।
तेरी छबि-धवल चंद्रिका से सब विश्व समुज्ज्वल होता है ।
यह दुर्लभ योग न जाने दे लीला की वेला का मधुमय ।
इसका न भरोसा चंचल है मन इस पागल का मृत्युंजय!

8. जग में जगमग तरल चाँदनी छिटकी सी लगती अंतर में ।
उधर गगन में विमल सुधाकर इधर हृदय मेरे अंतर में ।
दोनों एक हुए हैं कैसे? संबंध निराला आत्मा का ।
मृत्युंजय! लगता है यह फल तेरी लीलामय करुणा का ।

9. भावुकता चल पड़ी तरी सी महानंद धारा में बहकर ।
यह कैसी धवल प्रभा जाती जो आँखों में चकाचौंध कर ।
गण्य कहीं यह लावण्य बने? हरगिरि क्या सशरीर मिलेगा?
सही सही कह दे मृत्युंजय! जीते जी कैवल्य मिलेगा?

10. इस गिरि के उत्तुंग शिखर पर युगल मूर्ति कोई उज्ज्वल सी
ज्योत्स्ना जैसे तम से लिपटी मिली जुली फिर अलग अलग सी
जग से तो दूर रहे, पर वे स्वयं हमें प्राप्त न होंगे क्या?
मृत्युंजय! यही आदि पुराण दंपति है? मूल जगत के क्या?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

## शिवरात्रि की प्रभा

आँध्र में शिवरात्रि के दिन भगवान शिव की आराधना में "प्रभाएँ" बनाई जाती हैं और उनका जुलूस निकालकर भक्त लोग शिव के चरणों में उन्हें समर्पित करते हैं। पहले लकड़ियों से एक आयताकार या वर्गाकार ढाँचा बनाया जाता है और उसपर अर्धचंद्राकार रूप में बाँसों का एक और ढाँचा बनाकर दोनों को जोड़ दिया जाता है। उसको रंगीन कपड़ों और कागज़ों से सजाया जाता है और छोटी बड़ी घंटियाँ लगायी जाती हैं। उसको "प्रभा" कहा जाता है। उस पर शिव की मूर्ति या लिंग रखा जाता है। भक्त अपनी अपनी शक्ति के अनुसार छोटी या बड़ी "प्रभाएँ" बनवाते हैं और भगवान को भेंट चढ़ाते हैं और फिर वापस ले जाते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


कोई कोई प्रभा छोटे ताड़ वृक्ष की जितनी ऊँची होती है जिसे बैल-गाड़ियों पर ले जाना पड़ता है। शिव भक्ति के आवेश में आकर भक्त "हृशरभ, हृशरभ," "हर हर महादेव" आदि का उच्चारण करते हुए प्रभा ले जाते हैं और बीसों मील ले जाते हैं। उस अवसर पर एक बड़ा मेला लगता है। विभिन्न स्थानों से लोग उसे देखने आते हैं और प्रभाओं के दर्शन कर भाव विभोर हो जाते हैं। लोग "प्रभाएँ" ले जाने की शिव की मनौती भी मानते हैं। वह दृश्य बड़ा उत्तेजक और रौद्ररसपूर्ण होता है। ऐसी प्रभाओं का प्रस्तुत कविता में शिवतांडव के रूप में भावुकतापूर्ण सुंदर वर्णन है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# शिवरात्रि प्रभा

मूलः श्री कविकॉण्डल वेंकटराव

कालकंठुनि नाग सर्पमु
कुबुसमूड्ची पडग बुस्संदि
रॅण्डु नालुक्लु
गंड्डु मीसालद्लु दूसिंदि
चॅवुलु मोसिंदि
नॉगसॉर मूदेदि एवरोयि
राग मॉलिकिंचेदि एवरोयि
कारु नल्लनि काळरात्रि ।

नॉसट गॉसरिन मूडो कन्नु
निवुरु लूदिन कॉलिमि दॅगडि
नॅगडि द्रिप्पिदि
पॉगलु गप्पिदि
कम्मरयिते इनुमु करग

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# शिवरात्रि की प्रभा

अनु: श्री कोट सुंदरराम शर्मा

गरल कंठ के काल नाग की
मृदुल केंचुली छूट पड़ी।
मानों मूँछें वीराद्भुत की
दो जिह्वाएँ निकस बढ़ीं।
फूट पड़ा फूत्कार फणा का
तीन भुवन के सिहरे कान।
कौन सकेगा बीन बजा
अवशंवद को वश में लाने
कौन कर सके रागालाप
घटाच्छटा सी काल रात्रि यह!

अक्षि तीसरी भाल पिहित जो
फूँक उड़ाया छादक भस्म
क्षोभित होकर ज्वलित उठ पड़ा
महा वह्नि का मानों कुंड।
धूम्र-अभ्र के आच्छादन से
अंधी भूत हुए जग तीन,
सर्व धातु को द्रवित कराने
वाले वैश्वानर के पास
अपना कालयस पिघलाने
साहस कौन करे लोहार?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


सोमरयिते चलिनि काग
एवरु वच्चेरोय
एवरु मॅच्चेरोय
कारु नल्लनि काळरात्रि।

अर्ध भागपु महंकाळी
कर्थ यदि कालेर्दा
एमो ?
पुनुकुला गलगललु विंट्ट
कुनुकु गन्नादो
नाथुनी वद्दनुदु नाट्यमु
नाथु नी वद्दनदु
अररे! आडि पोतुन्नाय्

वाडि मुम्मॉनवालु
हुतभुक्
अजकपालं
ढक्कुबक्कुक्
नाल्गु सेतुल नाङ्गुलौतुन्नाय्
अश्शरभ! शरभ!
पंर्दमू वेसेदि ऍवरोय्
कुंदनमु गासेदि एवरोय ?
कारु नल्लनि काळरात्रि!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


जडी भूत नर कौन आ सके
अपने को तापित करने ?
घटाच्छटा सी कालरात्रि यह !

अर्धदेह की महा कालिका
समझी यह विक्षोभ नहीं ?
मुंडमाल की 'कडट कडट' को
सुनते सुनते ऊँघ गयी ?
क्यों नहीं कहती, नाथ बस करो !
महा भयद यह नाटय अहो !
'हाँ' भी कहती नहीं चंडिका
मूढ़ बनी यह प्रकृति सभी ।

देख देख ये कर धृतास्त्र सब
झूम रहे हैं भयदाकार
प्रलयंकर अति लोकत्रय का
हुत भुक् है यह निशित त्रिशूल !
अज कपाल यह डमरू "डुम डुक्"
चार करों की नाडी सी
बनें, शरभ ! हः शरभ !! वेग से
पूर्ण रोदसी घूर्णित सी !
भीषण इस क्रीड़ा में पण ला
कौन खेलने आयेगा ?
अपना सुवर्ण तीक्ष्णानल में
भस्मसात् कर जायेगा ?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


चंद्रमकुटमु
जटा जूटमु
सांद्र नीलपु जदल पापट
सुरिगि पोतुन्नाय्
चक्कनी मुव्वन्नॅ चर्ममु
अक्कॅळिचिन पॉट्टपैनि
अटि युंडी अंटकुन्नादोय
आकला यनि यनेदॅवरु
सोकुला यनि यनेदॅवरु
कारु नल्लनि काळरात्रि !

मोकरिंपुलु गावु
अवि मरि
बूकरिंपुल निलुपु गादु
आकडकु बड्ड नॉक्कयंज
यी कडकु बड्ड नॉक्कयंज
एकमुग जेयुचुनु
मड्डुमॉक
रेखगा दा वंचि गॉन्चु
संदियं लेकॅन्चु वारॅवरु?
चिंदु अनि तोतॅन्चुवारॅवरु?
कारुनल्लनि काळरात्रि !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



सांद्र नील इस व्योम केश के
विद्युतवत् सीमंतों में,
चंद्र मुकुट यह जटा जूट वह
उथल पुथल हो झूल उठे।
चारु चित्रित व्याघ्र अंबर
महानट की शुष्क कटि पर
संलग्न है अथवा विलग्न ?
"है बुभुक्षा" कौन पूछे ?
"नटन है यह" कौन सोचे ?
काल रात्रि घटाच्छटा सी।

घुटनों के बल गिरकर भिक्षा
माँगना नहीं इसका अर्थ ?
प्रेक्षक गण को मोहित करना
नहीं, दिखाकर स्वांग अनेक।
एक पद विक्षेप इस ओर
एक पद विक्षेप उस ओर
क्षेप सत्वर से पदद्वय
एक सा है भासता, ध्रुव !
बार बार की मरोड़ से, कटि
रेखासी जो लक्षित है
शंकातंकित किसे बनाती
नहीं ? किसे यह "नाटय" लगे ?
घटाच्छटा सी कालरात्रि यह !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



अहंकारमु लेदु लो लो
महर्णटनमु मॉगमु चाटदु
महादेवा यभयमिड्डुमन
अभिनयानकु हस्तमे लेदु
रभसमुन दन मुंदु वॅनकल
प्रभल गलिपिंचु
प्रभललो प्रभ निलुपॅनवरोयि
प्रभललो प्रभ कलुप नॅवरोयि?
कारु नल्लनि काळरात्रि!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


अंतरतम में अहंकार की
नहीं भासती लघु रेखा ।
नट के मुख पर नहीं दीखती
महर्णटन की परिभाषा !
सृष्टि दीन बन महादेव से
अभय याचना करती है ।
किंतु व्यस्त हैं हस्त वे सभी
नहीं लक्षिता मुद्रा वह
अग्र दिशा की अति प्रभा से
पीछे की वह अमित प्रभा
नाट्य रभस में मिल जाती है ।
कौन प्रभा को थाम सके ?
महा प्रभा का साथ दे सके
और किसी की अन्य प्रभा ?
कौन कह सके लक्षित कर ?
घटाच्छटा सी कालरात्रि में
घटाच्छटा सी कालरात्रि यह ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# कॉण्डवीटि पॉग मब्बुलु

**मूलः श्री विश्वनाथ सत्यनारायण**

1. दग्धांध्र राज्य नित्य विधूत धूममु
वलॅ कॉण्ड बुरुजुल कॅलन लेचि
बुरुजु कॉम्मुल वीडि पोलेनि रॅड्ल की
रिति वोलॅ पॅनुराव्ळ नतुकुलु पडि
रॅड्ल कंदा वॅन्क रेगु वॅटिटि पॅ
न्पॉग वोलॅ गुमुरुलै मुंदु सागि
दाग्धावदांध्र स्वतंत्रता रम वोलॅ
कॉण्ड लॅटि यॅटकुंड बोयि
श्यामली भवद्ग्रास घासादनर्थ
मॉलयु वॅल्लावुल कदंबमुलुग निलिचि
कॉण्ड कॉम्मुलु लो दाचुकॉन्न कॉत्त
कॉत्त पॉग मब्बुललमॅ नी कॉण्ड कॉसल ॥

2. ऑक सारि वलिपम्मु चिलिकि मुत्याल यं
चुल पोलिक नुपत्यकल चरिंचु
ऑक सारि जघन भागोपरि स्रस्त चे
ल विधान गिरि मॉदव्ळ बडिपोवु

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# कॉण्डवीडु के धूमिल जलधर

### अनु: श्री सूर्यनारायण "भानु"

[कॉण्डवीडु आंध्र में रेड्डि राजाओं की राजधानी थी। रेड्डि राजाओं का आंध्र के इतिहास में बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। उसी "कॉण्डवीडु" की स्मृतियों का भावुक वर्णन इस कविता में प्रस्तुत है जो "आंध्र प्रशस्ति" नामक काव्य से उद्धृत है।]

1. दग्ध हुए उस आन्ध्र राज्य के सदा धूत उस धूम सदृश बन,
नग के बुर्जों के पार्श्वों पर फैले हो कर,
उसके शृंगों से लगी हुई रहनेवाली रेड्डि नृपों की
कीर्ति सदृश बन चट्टानों पर चिपके होकर,
रेड्डि नृपों की धर्मशाल की पाकशाल से छूट निकलते
धूम सदृश बन उमड़ कर आगे बढ़ कर,
त्वरित चाल से धाती जाती आन्ध्र जाति की स्वतंत्रता की
रमा सदृश बन, नग-शृंगों पर छाते चढ कर,

श्यामल तृण चय चरने फैली
धवली धेनु-समूह सदृश बन
गिरि शृंगों में अब तक छिपते
जलधर फैले गिरिशृंगों पर ॥

2. किसी समय ये मुक्तांचल की झीनी घघरी जैसे बन कर
तरल कान्तिमय तराइयों पर विचरण करते,
कभी कभी ये सघन जघन के उपरि भाग से नीचे खिसके
दुकूल जैसे गिरि मूलों पर दल कर गिरते,

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


ऑक सारिं गिरि लक्ष्मि मॉगमुपै मॉगलि पु
प्पोळ्ळदुकॉन्नट्लु चॅल्ल रेगु
ऑक सारि स्वेद बिंदुकमुलु रत्यंत
वेळा कुचावृत्ति विस्तरिंचु
चिरुत पॉग मब्बुली कॉण्ड सीम प्लुच
बडि विशीर्णमै, धूतमै तडिसि, राच
सिरि युडिगि पोवनट्टि यी शिथिल दुर्ग
लक्ष्मि कॉन गूर्चु वॅरिं यलंकृतुलनु ॥

3. इड्डुल विलिखिंचिरेमॉ ना मुक्ताक्ष
रमुलुगा दुर्ग कुड्यमुल नॉलसि
इचट मृगुलु पॅट्टि रेमॉ ना ग्लप्तमु
क्ता रेखगा गिरि स्थलमु मॅरसि
इट वितान मर्मचिं रेमॉ ना मृदु मरु
च्यालित मध्यमै चदल दीर्चिं
इट वेळकुळि वेट्टि रेमॉ ना तुदल शी
तल पृषत्परिषिंचितमुल गदलि
प्रातरनतिक्रमित याम भानु रोचि
रा समात्त धावळ्य मर्यादमैन
लेत यी पॉ। मब्बु पुरातनंबु
तब्चुचुन्नदि रेड्ल यांध्र प्रशस्ति ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


अन्य समय ये गिरि लक्ष्मी के मुख पर फुंके केतकी पराग
जैसे बन कर ठौर ठौर पर शोभा भरते,
कभी कभी ये काम केलि के अंत समय कुच-युग पर फैले
स्वेद-बिन्दु-से गिरिशृंगों पर फैला करते,
जीर्ण शीर्ण ये पगले जल धर
राजस खो कर गिरि सीमा पर
पड़ी शिथिल इस दुर्ग-श्री को
पहनाते हैं गहने भास्वर!!

3. दुर्ग-कुड्य पर दमके जैसे
मुक्ताक्षर वर हुए लिखित हों,
गिरि-स्थलों पर चमके जैसे
रंगवल्लियाँ हुई रचित हों,
पवनोच्चालित हो नभ फैले
जैसे वितान फैलाया हो,
शीतल जल-कण छिड़क कर निकले
ज्यों क्रीडा-सर बनवाया हो,
उषः काल की कलित कान्ति सम
शोभित ये सब नये घनाघन
बता रहे हैं आन्ध्र वीरवर
रेड्डि नृपों की कीर्ति पुरातन!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


4. इवि रॅइल राजुल एदललो पूरिंचु
कोरानि कोर्कॅलु गुमुलु गट्टि
इवि तॅल्गु बंटुल यिंदुप गिंजलै
नात्मलु वीड लेकरुगु दॅञ्चि
इवियु श्रीनाथुनि ऍर्राप्रग्गड काव्य
तकु रानि भावमुल् तरक गट्टि
अवचि तिप्पय सॅट्टि विवि रत्नराशिगा
मलचिन प्राणमुल् मगिडि वच्चि
कॉण्ड वीटि पॉलाल् वीडि कोनुलेक
आश बलमुन मगुड्ड प्रेतात्मल वलॅ
सॉरिदि नी गिरि कॉम्मुल जुट्टु पट्टल
निट्टि पॉग मब्बुलै भ्रमियिंचु गाक ॥

5. ना प्राणमुलकुनु नीपॉगमब्बुल
केमि संबंधमो येनु गूड
पॉग मब्बुनै कॉण्ड चिगुरु कॉमल पैन
बुरुजुल पैन कॉम्मुलकु पैन
व्रालिपोनो मध्य व्रीलि पोनो नेल
रालि पोनो गालि तेलिपोनॉ
ना यूह चक्र सुंदर परिभ्रमणमै
यी पॉग मब्बुल ने वरिंचॅ
ऍन्नि पॉग मब्बु लॅरिगि ले नेनु मुन्नु
तूर्पु कनुमलु विडचु निद्दूर्पु लट्टि
विचटि यी पॉग मब्बुले यॅडद लोनि
ललितमु मदीय गीति नेला वॅलार्चु ?

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


4. रॅड्डि नृपों के हृदयों में ये
नहीं समाती इच्छाएँ हों,
आन्ध्र वीर वर धैर्य-सार ले
आश्रित उनकी आत्माएँ हों,
"श्रीनाथ" तथा "एर्राप्रॅगडा" के
काव्यावर्णित भाव-भार हों,
"अवचिं तिप्पय्य" का लौटा यह
रत्न राशिमय प्राण-सार हो,
"कॉण्डवीडु' के कृषि-स्थलों पर
आवृत लोभी प्रेतात्मा ज्यों
क्रम से इन भूधर श्रृंगों पर
भ्रमण कर रहे धूमिल जल धर !!

5. जाने, ये क्यों सारे जलधर गले लगाते मेरे अन्तर
मैं भी ऐसा बादल बन कर गिरिशृंगों पर मीनारों पर
प्रसरित होऊँ गल ढल जाऊं तराइयों पर चढ़ बढ़ जाऊँ
वसुन्धरा पर खुद गिर जाऊँ वायु-वीचियों पर उड़ जाऊँ !
मेरी आत्मा परिभ्रमण कर
इन मेघों का रही वरण कर
ये ही मेरे प्यारे जलधर
जैसे लेते पूर्वी भूधर
लंबी श्वासा; ये वारिद, मन्दित
मेरे मन को करते स्पन्दित !!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मूग नोमु

## मूलः श्री विश्वनाथ सत्यनारायण

1. बिय्यपु गिंजयन् चिगुरु पेडिन गंधपु पच्चिच बॉट्टु तो
तिय्यनि चिन्नि नी नॉसलि तीरुलु कुंकुम तीर्चि मुंगिलन्
तॉय्यलि नोमु चारिकलतो पस पाडिन मुद्दरालु नी
पय्यॅद व्राल नीवु नति पट्टिन दीवन लीय जूचॅडिनू ॥

2. नी तॅलि पट्टु चीर मॅयि नीडलु पारि मुसुगु संज क्रॉ
म्बूतल तॅल्ल ले मॉगिलु पोलिक वालिक गालि दूलि पो
नेत बॅडंगु कुच्चॅललु नीचिरुकालुल मुद्दु तोचॅनो
लेत पॉराड्डु पय्यॅद चलिंचिन पच्चनि ताळि तोचॅने ॥

3. कम्मनिपाल बुग्गववुगा ! पति कोसम इन्नि नोमुलन्
क्रिम्मनकुंड नोचॅदवु केवल मातनि नीयॅडंद क्रॉ
न्दम्मि पुवुं दुमारमुलु दम्मिन चिक्कनि तेनॅ पाललो
चॅम्मट यूटलन् मॅदपि चेतुवॉ नेय्यपु तिय्यमुद्दगा ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मौन-व्रत

## अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

[आश्विन कृष्ण अमावस्या से लेकर कार्तिक शुल्क पूर्णिमा तक विवाहिता बालिकाओं के द्वारा आंध्र में मौनव्रत रखा जाता है। व्रत रखनेवाली बालिका संध्या को स्नान करके तुलसी की पूजा करती है और सुहागिनों को कुंकुम का तिलक लगाती है। बाद में नक्षत्र दर्शन करके भोजन करती है। नक्षत्र दर्शन तक मौन रहने का नियम है। ऐसा विश्वास है कि यह व्रत रखने से विवाहिता का सुहाग अचल रहता है और उसे पति का अखंड प्रेम प्राप्त होता है।]

1. चंदन चर्चित चावल के दानों के सुंदर तिलक सुशोभित
अपना भाल मधुर छोटा-सा कुंकुम की लाली से मंडित
औ व्रत चिह्नालंकृत ले तू झुककर जब करती पदवंदन
पल्ला खिसका पड़ता, देती सुहागिनी आशिष मन भावन ॥

2. सफ़ेद रेशम की साड़ी तव देह कांति से भासित
मानों स्वर्णिम संध्याभा से श्वेत मेघ हो सुविराजित
हिलती प्यारी झीनी साड़ी की गोटें छोटे पैरों पर
पीला मंगल सूत्र चमकता झीने कंधेले के अंदर ॥

3. कमल पत्र पर हिमबिंदु सदृश तुम पतिहित सब करती हो व्रत
चूँ तक करती न कभी, सद्यो विकसित निज हृत्कमलांतर्गत
मधु पराग से आच्छादित मधु गाढ़े प्रेम दुग्ध में निर्मल
घोल चाहती करना उसको तुम मधुर सुगंध भरा कुड्मल ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


4. ओसि मनोज्ञ नीरद नवोदय काल वियद् विलंबमा
नासित वारिवाह निवहानत कैशिक! मूग नोमुलो
कोसलु तेरु कन् तुदल कूडिन भाग्यपुटॅर जीरलो
मासरमय्यॅ नी यॅडद मागिन नॅय्यपु तिय्यदॉन्तरल् ॥

5. पैदलि चालुलो व्रतमु पट्टिन नीकुनु तावॉसंगुमु
त्तैदुल काळ्ळ वंगबडि ताकक कन्नुल नद्दुवेळ नी
मीद सरागमाड पसिमीगड चूपुलु नव्वुपूलु
भावोदयमुन् पॉनर्चियु तलोदरि नीव्रतरक्ष चेसॅडिन ॥

6. कॉनलकु नूनॅ राचि कॉन गोळ्ळल दुव्विन कॉण्डॅ चुट्ट चु
ट्टिन वदुलैन क्रॉव्विडि घटिंचिन यॅरॅनि पोक वंतितो
निनु नॅदुरैन कुंकुमपु नीट्टचु गुल्कॅड्ड मोमुकन्नॅ ने
मनि नुतियिंतु प्रातरमृताकृति कार्य फलोन्मुखत्वमुन् ॥

7. विनयमुनेर्चुको चदुव बॅट्टिरि यैदुव लैन वारि द
र्शन सुकृतंबु नित्य परि संगति तॅच्चिरि यिंत नुंडि मा
टनियम मभ्यसिंप कवटाकुनुनिन्नियमिंचिरीवुत्तॅ
च्चिन पति शीलताधिकत चे तेलुगुल् परि पूतुलौटकुन् ॥

8. नी नडयाड्ड त्रोवलु पुनीतमुलैनवि नी दृगंत रे
खा नत वायुवीचिकलनंत सुधा परि षेचन क्रिया
स्थानमुलैन वोसि पसिदान भवन्नियम प्रभावसं
धानमु चेत नी पति सुधा मय मूर्ति समुज्ज्वलिंचॅडिन् ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


4. नील गगन में लटक रहे नव नीरद-केशों से तू शोभित ।
तेरे गूँगे व्रत में नेत्रों के अनियारे कोरक व्यापित
भाग्य लालिमा में हृदय छिपे प्रेम भाव की परतें नूतन
बढ़ती जातीं हैं अतिशय हो होकर, मधुर बना री जीवन ॥

5. नारी परंपरा में व्रत करती तुम सुहागिनी के चरणों पर
झुककर स्पर्श न कर जब प्रणाम करती उसके परिहासों पर
सस्मित झुकती लाज भरी चितवन औ झड़ते फूल मनोहर
तव व्रत रक्षा करते यद्यपि भाव उमड़ते जागृत होकर ॥

6. केशों में तेल लगाकर उनमें अंगुलियों का कंघा कर
गोलाकार ढीला केश बंधन कर उसमें फूल लगाकर
छोटे गेंदे लाल, भाल पर कुंकुम की लाली से भूषित
प्रातः सम्मुख आती, कार्य सफल, क्या ही शुभ शकुन प्रशंसित !

7. पाने विनय सिखायी विद्या, तुमको सुहागिनों के दर्शन
प्राप्त हुए री बेटी ! तुम तो कोमल पल्लव सम हो नूतन
अब वचनों का संयम पाने किया तुम्हें इस व्रत में दीक्षित
तुझ पति-शीला से अब होंगे आंध्र सभी पावनता भूषित ॥

8. तेरे चलने के पथ पावन वायु लहरें अनंत सुधा मय
नत चितवन की मुन्नी बिटिया ! तव व्रत प्रभाव की गरिमा मय
महिमा पाकर हो तेरा पति उज्ज्वल मूर्ति सुधामय ।
जीवन तेरा होगा सुखमय संसार बने सुंदरतामय ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# शिशिर ऋतु

## मूलः श्री विश्वनाथ सत्यनारायण

1. अह्म्मुलो चूचिनट्लु नेपाळपु
    कायलो तम चलिकंठ मरसि
एप्पटि यत्तयो यिप्पुडे पग यट्टु
    लरकाळ्ळु चलिकाचुचटमटिंचि
सगमु निद्दुरलेपि जननि यन्नमु पॅट्टु
    टॅरग काकलि यनि एड्चि एड्चि
दुग्मु कोट्टुरु तल दुव्विंचु कॉनकुंड
    नूरे गुटनु दिस्स यॉडलु पगिलि
पट्टुकॉनि तलि संजल जुट्टु दुव्वि
यॉडल नूनियराचि मैं गडिगिंनत
नावुलिंचुचु चेतुलॅद तूलि
चिन्न बिड्डलु निदुरिंतु शिशिर वेळ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# शिशिर ऋतु

**अनु. : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति**

1. ज्यों निर्मल दर्पण में देखते हैं त्यों नेपाली-[1]
डिबिया में निज "चलिकंठ"[2] देखते देखते।
[3]जाने कब आयेगी सास, वैर निकालने को
अभी से पैरों के तलुओं को सेंकते सेंकते।
आधी नींद जगाकर माँ का अन्न खिलाना न
जान, भूख कह रोते भात माँगते माँगते।
नंगा बदन, फटी देह और लिए बिखरे
बाल धूल सने गली गली भागते भागते।
पकड़ शाम को लगा तेल, संवार बाल धो
बदन जल में माँ के तन पोंछते पोंछते।
ले लेकर जंभाई शिशिर में माँ की गोद में
ही नींद लेते बच्चे शीघ्र ही ऊँघते ऊँघते॥

---

1. स्त्रियों की कुंकुम, अंजन आदि प्रसाधन सामग्री रखने की छोटी डिबिया।

2. गाती जैसा एक परिधान विशेष जो जाड़ों में बच्चे पहनते हैं और जो कंठ से लेकर पूरे शरीर को ढ़ंकते हुए लटकता रहता है।

3. यह लोक विश्वास है कि सास और पतोहू में हमेशा छत्तीस का रिश्ता होता है और पतोहू सदा सास का अनिष्ट ही सोचती है। पैरों के तलुए सेंकना सास के लिए अमंगलकारी माना जाता है। अलाव के पास बैठकर जब बच्चियाँ अनजान में, ठंड से बचने के लिए, अपने तलुए तापती हैं तब बड़े लोग उसकी सास के अहित की बात कहकर उनको ऐसा करने से मना करते हैं। यह आंध्र में प्रचलित विश्वास है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


2. उरमु गंधमु तोड नुदिकिन पाग तो
वेंचेसॅ नीटुगा पॅड्डिल पॅद्दद
गुम्मु तप्पॅटलतो कॉम्मु बूरालतो
नॅलगोलु मेळम्मुलेगुदॅञ्च
गॉड्डुगु नीडलतोड कुच्चु चॅप्पुल तोड
नडचि वच्चिचरि पॅण्ड्लि कोड्डकु मडति
मुंत कॉप्पुल तोड विंत गंधमुलतो
वॅडलिरि नव्वुल पेरटांड्रु
पिन्न पालॅ गानि पॅण्ड्लि यूरेगिंपु
सागुदॅञ्च रॅण्डु जामुलपुड्डु
अरुगु पैनि निडिन याकु वक्कलु गॉञ्चु
वीथि यॅल्ल नोड्डु विरिगि पोयॅ ॥

3. वृषभ राज विषाण कषणांकिताकाश
मुन वंक जाबिल्लि यनवसरमु
भूभृत्सुतातनू शोभा परीवाह
गति पिंड्डु मिन्नेरु गरुजुलेदु
भृंगिरिटेश कल्पित विभूतिविलेप
मुन वॅण्डि मल वॅलुगु पनिकिरादु
चक्षु श्रव शिरश्छवि मन्मणिच्छवि
च्छट तुम्मिपूल प्रसक्ति लेदु
चलि परिहरिंचुट प्रपत्ति कलुग जेय
कलुग चेसेड्डु स्वामि लोकमुल वांछ
चलि युषोवेळ निर्भय स्नातलकुनु
चलि बॅदरि गुंडियलु जारि चदिकिल बडॅ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


2. उर चंदन सिर पर धुली हुई पगड़ी
लेकर ठाठ से बारात का मुखिया आया।
तालियाँ पीटते और बजाते हुए सिंगियाँ
'हो हो' शोर मचाते दंगल का दल आया।
छाते की छाया में गुच्छेदार चप्पल पहने
दूल्हा दुलहिन को लेकर पैदल चल आया।
विचित्र जूड़ा बंधन औ' चंदन लेपन से
सज्जित हास्य वदन महिला दल आया।
छोटे चरवाहे की बरात का जुलूस चला
ऐसे, सुखद शिशिर वेला दुपहर की।
टूट पड़ी गली की गली लेते पान सुपारी,
ले मन में हर्षोल्लास, चबूतरे पर की॥

3. वृषभ राज के विषाण घर्षण से अंकित
नभ में आवश्यक वक्र चंद्र रेखा नहीं।
पर्वत पुत्री के तन की शोभा के प्रवाह में
पूछ कभी स्वर्गंगा की कोई रहती नहीं।
[1]भृंगिरिटेश से रचित विभूति लेपन में
गिनती रजताचल की कोई रहती नहीं।
चक्षुश्रव के सिर पर शोभित मणि छवि में
'द्रोण' पुष्प की आवश्यकता रहती नहीं।
त्याग शीत का प्रपत्ति देता है लोगों को जब,
प्रभु-लोकों की अभिलाषा जब पैदा करता
उषोदय में निर्भय हो स्नान जो करते हैं
डर उनसे निस्तेज हो शीत भागा करता॥

1. भगवान शिव के एक पार्षद का नाम।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# किन्नॅर नृत्यमु

मूलः श्री विश्वनाथ सत्यनारयण

कॅरटाललो नुर्वु
तॅरचालुलो नीटि
पॉल जालुलो किन्नॅ
रट्टु कदलि यिट्टु कदलि
चिटि तरंगालतो पॉटि तरंगालतो
नटनालु मॉदलॅट्टने क्रॉन्नीटि
तुट्टुमुला कदलाडॅने ॥

पुवु कन्नॅला जगा
रव नव्वुला वेल्पु
कव चिव्वला किन्नॅ
रट्टु लूगि यिट्टुलूगि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# किन्नॅरा का नृत्य

**अनु : डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति**

[ किन्नॅरसानी गोदावरी की उपनदी है जिसे कवि ने अपनी कल्पना के द्वारा उद्विग्न हृदय पतिव्रता मुग्धा का रूप दिया है जो सास की निंदा से दुःखी होकर जंगलों में भाग जाती है। पति उसके पीछे पीछे जाकर उसे मना करते हुए उसका आलिंगन करता है। किन्नॅरा वहीं पिघल कर झरना बनकर प्रवाहित होती है। उसके नृत्यमय प्रवाह का प्रस्तुत कविता में चित्रात्मक वर्णन है। ]

लहरों में
जल की धारों में
बिकल स्वरों में
हिल डुल इधर उधर
छोटी लहरों से
नन्ही नन्ही लहरों से
नाचती किन्नॅरा ॥

नव जल पुंज समान
लगी हिलने डुलने
पुष्प कुमारी सी
हास्य कुमारी सी
देव कुमारी सी
झूलती किन्नॅरा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


चिट्टुलु कॅरटालतो
जव्वु जव्वुन नूॅगने तॅलि मल्लॅ
पुव्वु रुन्वुलु पोयॅने

चिरु गालि लो नूगु
कॉर वंपुलो नीटु
तरि तीपुलो किन्नॅर
रटु लेचि यिटु लेचि
जल्लु तुंपुरलतो कॉल्ल तुंपुरुलतो
मॅल्ल मॅल्लन नाडॅने कॅरटाल
जल्लु लो मुंचॅत्तॅने ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


लघु लहरों से
चटकती किन्नॅरा
मटकती किन्नॅरा
झूम झूम उठती
घूम घूम चलती
बन श्वत चमेली
पुंज चली कर केली ॥

मंद पवन में
वक्र गमन में
मधुर झुमन में
झूल इधर
झूम उधर
उठी किन्नॅरा
लघु छींटों से
गुरु छींटों से
धीरे धीरे
खेली केली ।
लहर झड़ी में
बोर दिया है ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


नडि नीटिलो मेलि
जड संदुलो नीटि
मुडि पॉन्दुलो किन्नॅ
रट्ठु पॉङ्गि इट्ठु पॉङ्गि
रंगारु नललतो पॉङ्गारु नललतो
चॅङ्गु चॅङ्गुन दूकॅने - क्रॉङ्गॉत्त
सिंगारमुलु वॉलिकॅने ॥

सॉन जारुतू नीटि
पन वालुतू अंद
मुन सोलतू किन्नॅ
रट्ठु चॅदरि यिट्ठु चॅदरि
चिन्नारि नडलतो - पॉन्नारि नडलतो
वन्नॅ वन्नॅलु पोयॅने किन्नॅरा
क्रॉन्नॅला तळुक्रॉप्पॅने ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



धारा मध्य में
वेणी मध्य में
जलावर्त में
इधर उमगती
उधर उमड़ती
किन्नॅरा उछल
उछल कूदती
खेलती लहर से
उमड़ती लहर से ।
ढुलका पड़ता
नव नव शृंगार ॥

स्रोत से झरती
जलमयी बहती
सौंदर्य से शिथिल
किन्नॅरा बिखरी इधर
किन्नॅरा बिखरी उधर ।
चुन्नी की चाल से
मुन्नी की चाल से
अदाएँ दिखायीं
शशि कलाएँ सुहायी ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


चिरु तेनॅला अच्च
रल गॉन्तुला गज्जि
यल मोतला किन्नॅ
रटु मॉरसि यिटु मॉरसि
गल गलारवळि तो जलजला रवळि तो
मॅल्लगा नुगाडॅने कॅरटाल
जल्लुगा मुसु रॅत्तॅने ॥

तॅग पाडुतु अंद
मुग नाडुतु तेनॅ
वग लोडुतु किन्नॅ
रटु वालि यिटु वालि
तळुकु वाकल तोड - बॅळुकु वाकल तोड
मलकलै नटियिॅचने - तॅलिनीटि
पुलकलै बुग्गॉत्तॅने ॥

लय पॅन्चुतू मध्य
लय दिंचुतू पाट
रय मॅन्चुतू किन्नॅ
रटु सोलि यिटु सोलि
तॅलि नीटि मेनितो - तलिराकु मेनितो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


मधु भरे कंठ से
अप्सरा गान से
घुँघरू रवों से
किन्नॅरा गाती इधर
किन्नॅरा गाती उधर
झन झनाती किन्नॅरा
मंद मंद झूली।
लहरों की झड़ी-सी
उछली गिरी किन्नेरा॥

खूब गाती हुई
नृत्य करती हुई
मधु अदाएँ लेती हुई
किन्नॅरा इधर झुकती
मस्त हो उधर झुकती
चमकते प्रवाहों से
दमकते बहावों से
बल खाती नाचती
पुलक बुलबुलाती किन्नॅरा॥

लय बढ़ाती
लय घटाती
गान रय देखती
किन्नॅरा झूम उधर
मस्त हो झूम इधर
साफ़ जल देह से
मृदुल पल्लव देह से

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१४

दिव्य नृत्यमुलतो दिव्य निःस्वनमुतो
3. उपांग : दृष्टि, पलकें, काली पुतली, कपोल, नाक, जबड़े, अधर, दाँत, जीभ, ठुड्डी, मुँह
4. अंत : प्राण : जोर, स्थिरता, समता, चपलता, दृष्टि, श्रम राहित्य, बुद्धि, श्रद्धा, प्रिय वचन, गान
5. बाह्य प्राण : मृदंग, ताल, बाँसुरी, गान, सुर, वीणा, घुंघुरू, गायक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. नगवुले नगवुलै बिगुवुले बिगुवुलै
सॉगसुले सॉगसुलै जूड्कुले जूड्कुलै
तॉलुकारु मॅरुपुल्लु दो बूचुलाडिनट्टु
तॉलिचूलि कन्नॅ कोर्कुलु विच्चुकॉन्न यट्टु
तॉलिसारि रति विंत सॉलपु ग्रम्मिन यट्लु
तॉलि गट्लु पै जॉत्तु बुलकरिंचिन यट्लु
तॉलु संजलो तॅल्वि दूकि वच्चिन यट्लु
मलु संजलो कांति मरलि पोयिन यट्लु
कुलुकु नीलपु कंड्ल तळुकु जूपुलु पूय
घलु घल्लुमनि काळ्ळ चिलिपि गज्जॅलु म्रोय
आडॅनम्मा ! शिवुड्डु !
पाडॅनम्मा ! भवुड्डु !!

7. मलक मॅरुपुलु गॉन्नि निलुवु मॅरुपुलु गॉन्नि
सॉलपु मॅरुपुलु गॉन्नि सूदि मॅरुपुलु गॉन्नि
कोल मॅरुपुलु गॉन्नि कॉत्त मॅरुपुलु गॉन्नि
चालु मॅरुपुलु गॉन्नि चारु मॅरुपुलु गॉन्नि
प्रक्क मॅरुपुलु गॉन्नि सॉक्कु मॅरुपुलु गॉन्नि
निक्कु मॅरुपुलु गॉन्नि, निंड्डु मॅरुपुलु गॉन्नि
केव्व्लु मॅरुपुलु गॉन्नि-तळुकु मॅरुपुलु गॉन्नि
कुलुकु नीलपु गंड्ल तळुकु जूपुलु पूय
घलु घल्लुमनि काळ्ळ चिलिपि गज्जॅलु म्रोय
आडॅनम्मा ! शिवुड्डु !
पाडॅनम्मा ! भवुड्डु !!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. बनकर हँसी ही हँसी, मान ही मान बनकर
शोभा ही शोभा बन, नेत्र ही नेत्र बनकर
नव प्रावृट् चपलाएँ आँखमिचौनी करतीं
मानों नव गर्भवती अभिलाषाएँ खिलतीं
पहली रति की श्रांति निराली छाती मानों
उदयाचल पर निकल लालिमा पुलकित मानों
पहली संध्या में चेतनता जगती मानों
दूजी संध्या में कांति लौट पड़ती मानों
मस्त नील नयनों में विकसित दृष्टि चमकती
चरणों में घुँघुरू की लड़ियाँ खूब झनकतीं
शिव यों नाचा है री !
भव ने गाया है री !!

7. वलयाकृति चपलाएँ कुछ सीधी चपलाएँ
मोटी चपलाएँ कुछ अनियारी चपलाएँ
लंबी चपलाएँ कुछ, कुछ नाटी चपलाएँ
श्यमा सम चपलाएँ कुछ अलसित चपलाएँ
तनी हुई चपलाएँ कुछ पूरी चपलाएँ
भँवर मयी चपलाएँ उछल रही चपलाएँ
भर मस्त नील नयनों विकसित दृष्टि चमकती
चरणों में घुँघुरू की लड़ियाँ खूब झनकतीं ।
शिव यों नाचा है री !
भव ने गाया है री !!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


**8.** समशीर्षमु तोड़ समदृष्टि घटियिंचि
समपाद विन्यास चातुर्यमु लगिंचि
वरपताकम्मु दापटि केल नॅस कॉल्पि
वामहस्तंबधो वक्त्रमुग संधिंचि
त्रिपताकमूनि यर्थ पताकमुनु बट्टि
चपल दृष्टुलु दिशांचलमुंलनु मोपॅट्टि
धूत मस्तमु चॅल्वु दो बूचु लाडग
वीतरागुलु ऋषुलु विनुतुलनु सेयंग
निलयॅल्ल चॅलुवु रूपॅत्तिनिल्चिन यट्लु
कलयॅल्ल निजमुलै कानुपिंचिन यट्लु
आडॅनम्मा ! शिवुड्डु !
पाडॅनम्मा ! भवुड्डु !!

9. भरत मुनि मुंदुगा पद पद्ममुलु बट्टि
"हरहरा" यनि प्रमोदायत्तुडै तूग
तन सृष्टि गर्वंबु तलिगि पोग विरिंचि
कनुललो बाष्पमुलु गट्टट डीलपडिनिलुव
नावेपु नी वैपु नष्ट दिकपालकुलु
केवलमु रस मूर्तुलै विश्वमुनु मरुव
तन वेयि कनुलु जालनि बिडौजुड्डु गौत
मुनिशापमुन कॉरतनु गूर्चि चिंतिंप
नाडॅनम्मा ! शिवुड्डु !
पाडॅनम्मा ! भवुड्डु !!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



8. समशीर्ष*[1] के साथ निश्चल समदृष्टि[2] लगाकर
समपाद[3] विन्यास का नव चातुर्य दिखाकर
वर पताक[4] दक्षिण कर में सुंदर दिखलाकर
वामहस्त अधो वक्त्र के समान दिखलाकर
त्रिपताका[5] भरकर अर्ध-पताका[6] दिखलाकर
चपल दृष्टि की आशाओं में टेक लगाकर
धूत शीर्ष[7] के अभिनव आँखमिचौनी करते
वीतराग ऋषि गण कर जोड़ विनतियाँ करते
सारी पृथ्वी धर सुंदर रूप खड़ी मानों
स्वप्न सभी सच बनकर दीख रहे हों मानों
शिव यों नाचा है री!
भव ने गाया है री!!

9. सबसे पहले भरत मुनि चरण कमल पकड़कर
झूम रहा प्रमुदित मन होकर कहते "हर हर"।
ब्रह्मा निज सृष्टि गर्व के खंडित होने पर
आँखों में अश्रु भरे शिथिल देह मन होकर।
रस मूर्ति बने आठों दिक् पालक इधर उधर
व्यक्तित्व विलीन खड़े सारा विश्व भुलाकर।
निज सहस्र नेत्रों के पर्याप्त न होने पर
चिंतित इंद्र गौतम शाप में कमी मानकर॥
शिव यों नाचा है री!
भव ने गाया है री!!

---

* 1 से 7 तक का विवरण कृपया इस कविता के अंत में देखें।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



10. हरियॅ हरुडै, लच्चिच नग जातयै, सरिकि
सरि तांडवमुलाड सम्मोदरूषितुलु
हरुनि लो हरि जूचि, हरियंदु हरु जूचि
नॅरवेदि देवतलु विस्मितुलु मुनुलॅल्ल
रधिगतानंद भावावेश चेतस्कु
लॅद विच्चि युप्पॉङ्गि, यॅगिरि स्तोत्रमु सेय,
भेदवादमुलॅल्ल प्रदिलि पोवग सर्व
मेदिनियु नद्वैतमै प्रतिध्वनुलीन
नाडॅनम्मा ! शिवुड्डु !
पाडॅनम्मा ! भवुड्डु !!

11. नव जटा पटल संध्याकाल वारिदां
त विकास चंद्र मंद्रातपार्द्र शरीर !
नग कन्यका नेत्र युगळ निर्यत्कटा
क्ष गणता पिंछ पिंछाधीन गुरु वक्ष !
निगम दासी समुन्निद्र साहो निना
द ! गणनी कृत नैक तार हार विलास !
भूतेश ! भूत भावातीत !" यनि पल्कि
स्तोत्रमुलु पठियिंप चोद्यमुन वैकुंठु
डाडॅनम्मा ! शिवुड्डु !
पाडॅनम्मा ! भवुड्डु !!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



10. हरि हर बनकर स्थित लक्ष्मी नग-जाता बनकर
समान तांडव करते प्रमुदित रोषित होकर
हर में हरि, हरि में हर लख देव सभी विस्मित
मुनिगण सब होकर चिन्मय आनंदावेष्टित
उमंग में भर स्तुति करते मुक्त हृदय होकर
एक अद्वैत गुंजित भेदवाद भुलवाकर
शिव यों नाचा है री!
भव ने गाया है री!!

11. नव जटा पटल संध्या वारिदांत में विकसित
शशि के मंदातप में आर्द्रदेह से विलसित
नगकन्या के नेत्रयुगल से निकली चितवन
करती आक्रमित गुरु वक्ष तव शिखी-पंख बन
अगणित तारक हारोंसे विलसित हे भव! हर!
स्तुति करते हरि "हे भूत भावातीत!" कहकर
शिव यों नाचा है री!
भव ने गाया है री!!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


12. पद्मामनोब्ज यावक पुष्पित शरीर !
पद्म सुंदर नेत्र ! भावांबरातीत !
मायासती भुजा परीरंभाऽवि
षय विवेक ! हृषीकसंचयाऽधिष्ठात !
शौरि ! नी तेजमे संक्रमिँचनु नन्नु
पूरिँच तांडवमु पूर्ण चित्कळ तोड
ननि निटालमुनंदु हस्तम्मुलनु मॉगिचि
विनतुडै शंकरुडु विष्णुवुनु नुतियिंचि
याऽडॅनम्मा ! शिवुडु !
पाऽडॅनम्मा ! भवुडु !!

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



12. पद्मा के मनो कमल जावक पुष्प सुशोभित तन
हे पद्म सुंदर नेत्र! हे भावातीत गगन!
माया स्त्री परिरंभण में तव विवेक अविचल!
तेरा शासन करते स्वीकार हृषीक सकल।
शौरि! तेज तेरा ही संक्रमित हुआ मुझमें।
भर दी संपूर्ण चित्कला मेरे तांडव में!"
ललाट में कर कमलों को मुकुलित कर शंकर
स्तोत्र गान करते श्री हरि का विनीत बनकर ॥
शिव यों नाचा है री!
भव ने गाया है री !!

---

आठवें पद की संख्याओं का विवरण :—

1. समशीर्ष : नीचे न झुकाकर, ऊपर न उठाकर बराबर रखा सिर।
2. समदृष्टि : अपलक दृष्टि।
3. समपाद : साधारण रूप से खड़ा रहना।
4. पताक : सब उँगलियों को फैलाकर, अंगूठे को तर्जनी की अंतिम गाँठ पर लगाकर दिखाना।
5. त्रिपताका : पताक हस्त में अनामिका को झुकाकर दिखाना।
6. अर्ध पताका : पताक हस्त में छिगुनी को झुकाकर दिखाना।
7. धूत शीर्ष : दायीं और बायीं ओर हिलनेवाला सिर।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# सातवाहन प्रशस्ति

## मूल: श्री मधुनापंतुल सत्यनारायण

1. सातवाहन नरपाल शकवसंत
संततोदयमुन विकासम्मु बडसि
तनुवु सॅडि थाकु रालिचन तॅनुगु तोट
यमृत मयमुग चिगिरिंचि यंदगिंचॅ ॥

2. चॅट्टुन कॉक्कडै विडि कृशिंचिन यांध्रुल नेक दृष्टि लो
बॅट्टुचु नॉक्क त्राट नडपिंप बलंतुलु सातवाहनुल्
पट्टमु गॉन्ननाडु करवा? भरतोर्पर चॅक्रुटद्दमुल्
मुट्टि तॅनुंगु रेडु वलपुल् मॉलपिंचॅ प्रपंचकांतकुन् ॥

3. रापुलु वॅट्टि पैब्बडुगरासुल मोसुलतो बॅकलिच लो
लोपलि चूपुनं ब्रभुत लो नॉक मॅर्वडि मीरगा शक
स्थापन चेसि नट्टि जग जाणलु तॉल्लिटि शालिवाहनो
वीं पतुलॅन्नं नांध्रुल चरित्रमुनंदलि मुख्यपात्रमुल् ॥

4. तॅनुगॅल्लन् बॅररेंड्ल येल्बडि पराधीनत्व दुर्वागुरा
कुलितबै वॅललेनि यात्म गुण शक्तुल् रक्तुल् वंतमै
बलिगानिच्चिचन दॅन्नडो ; यदि सहिंपं गल्गुने? विक्रमो
ज्ज्वलुडौ नांध्रुडु सातवाहन महीश ख्यात वंशीयुडुन् ॥

5. मगध राज्येंदिरामणि स्थगित मकुट
मात्म वशमुन नुंड देशांतरमुल
कीर्तिवल्ली मतल्लि ब्राकिंचॅ नाडु
सातवाहन वंश वृक्ष प्रशस्ति ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# सातवाहन-प्रशस्ति

## अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

1. जीर्ण-शीर्ण च्युतपर्ण रहा तब आंध्रोद्यान अवर्ण ।
किसलय-कुसुम-विसर संयुत अब चमका धरे सुवर्ण ॥
पावन-सौभाग्योदय-भासित था आंध्रोर्वी-फाल ।
सातवाहनों के युग का वह ऋतुराजोदय-काल ॥

2. व्यस्त कुशित आंध्रों को करके एकाशय द्युतिमान ।
ले चले सातवाहन करके एक सूत्र-बंधित बलवान ॥
भारत-भू के कपोल छूकर आंध्रोर्वीतल-नाथ ।
जगती-विलासिनी-मन में थे प्रेम जगाते साथ ॥

3. बहुत सताया विदेशियों ने भारत, कर अपमान ।
शालिवाहनों ने उन्हें भगा प्रभुता धरी समान ॥
संवत् अपना चलाया विशद बल से हरा अमित्र ।
पात्र सातवाहनों का भरे चमका आंध्र-चरित्र ।

4. आंध्र महीतल परहस्तंगत विपुल-यातना-ग्रस्त ।
स्वगुण-शक्ति-रक्ति की दिये बलि कब का था अतित्रस्त ॥
कौन आंध्र सह सकता जो था घन विक्रम वर्धिष्णु ।
सातवाहनों का कुलवर्धक जो हो शुभ-वर्तिष्णु ॥

5. मगध-राज्य-लक्ष्मी-स्वर्ण-मुकुट स्ववश किये सविधान ।
जग में कीर्ति-लता फैलाई दिखला निज अभिमान ॥
सातवाहनों के कुल के सुरतरु की हुई प्रशस्ति ।
जग भासित करती थी इनकी महा-प्रताप-गभस्ति ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



6. द्वीप द्वीपमुनन् यशोलतलु हत्तॅन् मौर्यसाम्राज्य ल
क्ष्मी पल्यंकिक नॅत्ति मोसिन नृपश्रेष्ठुंडशोकुंड्डु ; त
द्भूपालोत्तमु क्रिंदि राजुलयि यांध्रुल् शात्रवानीकमुन्
रापाडिंचिरि यौरसंबगु स्वतंत्रत्वंबु गापाडगन् ॥

7. पाराधीन्य पिशाची दारुण हुँकारमुलकु दलगि मनमुलं
दूरडि पोयिन ब्रतुकुल् चेरिचि कॉन्नट्टुलु संतसिंचिरि तॅलुगुल् ॥

8. आमरुगैन कालमुन यंदनगा बहुपूर्वमंदु दु
र्दाम पराक्रमंबुन पर ध्वजिनी भटपाळि त्रोसि रा
जै मन देश मेलिन दयाळुवु 'श्रीमुख' भूमि पाल सु
त्रामुन कॅल्ल वेळल कृतज्ञत दोसिलि यॉग्गि म्रॉक्कमे !

9. पश्चिमाशा वीथि पारु 'नरेबिया'
वारिधि दाकनिंडारु तॅलुगु
साम्राज्यमुनु वॅल्चॅ ; सरिलेनि हैदरा
बादु बीरारंदु वच्चिच कलसॅ ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. मौर्यराज्य-लक्ष्मी-शिबिका का भार सँभाल अशोक
द्वीप-द्वीप में यशोलताएँ रोप चले सुश्लेक ॥
उन नरवर के अधीन हो रिपु-कीट बना विभ्रांत
आंध्रों ने मसले स्वतंत्रता-फल पाने अश्रांत ॥

7. निशित पराधीनता के अदय हुंकारों को टाल
अप्रतिहत बल-साहस से निज-मन धीरता सँभाल ॥
खोया जीवन पानेवाले के सम हर्षित आंध्र
एकत्रित दृढ आंध्र-शक्ति से लसित चले निस्तंद्र ॥

8. पर-पालन के उस युग में थे आंध्र हुए निष्काम ।
उन्हें बनाकर कर्मी चमके श्रीमुख नृप-सुत्राम ॥
पर-केतन पर-शासन-सह तब फेंक दया का धाम
राज्य यहाँ करते थे, उनके हम कृतज्ञ कृतकाम ॥

9. श्रीमुख का यह काम देखिये! आंध्र-देश का मान
बचाया उन्होंने जब वह था सहता घन अपमान ॥
पश्चिम अरबाब्धि से सटाकर फैलाया साम्राज्य ।
बीरार हैदराबाद मिला उसको किया अभाज्य ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


10. नॉक्कडॉक्कडु निद्लु दक्कि चूचुचुनुंड
चिक्किन साम्राज्य मक्कजमुग
नॉडलु चेसि शिरस्सु लुपिंचि पगट्टगा
बरगॅ श्रीमुख सार्वभौम विभुत ;

11. अट्टलुराष्ट्र प्रजावळिकमृतभिक्ष
निडिन या तॅलगु तॉलि दॉर यड्डगुजाड
लंदिन तरुवाति सातवाहन नृपतुलु
नालुगैंदु शताब्दमुलेलि रवनि ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


10. इस विधि पाकर एक एक कर आस-पास के प्रांत ।
आंध्र राज्य बन विस्मय-कारक पुष्ट हुआ अश्रांत ॥
श्रीमुख की यह प्रभुता थी नित अरि-अश्रांति-पदार्थ ।
वीर सिर हिलाते थे उनको मान किरीटी पार्थ ॥

11. श्रीमुख चले दिये आंध्रों को विबुध-सुधा का दान ।
सातवाहनों के पूर्वज वे आंध्र-शक्ति वर मान ॥
तत्पथ ले आगे थे उनके वंशज करते राज ।
दुर्हृद-भीषण, वरगुण-भूषण धर वैभव की साज ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मनोरथमु

**मूल : श्री बोयि भीमन्न**

पुव्वुल कंटे लॅक्ककु मुळ्ळे ऍक्कुव
ई ना गुलाबि तोटलो!
अंदुकनि
मुळ्ळ तोट अनना दीन्नि?

कोयिव्ळु नालुगे, कीट्टकालु लक्षलु
ई ना रसाल वनं लो!
अंदुकनि
परित्यजिंचि पोना दीन्नि?

वसंतं ऑक्कटे, तक्कु ऋतुवुलु ऐदु
ई ना मधुरोद्यानं लो!
अंदुकनि
पॅरिकि पारवॅय्यना दीन्नि?

लक्ष मुळ्ळ पॉदल्नि भरिंचि
ऑक्क तोटैना पॅञ्चुकॉन्दां!
लक्ष अपस्वराल्नि सहिंचि
ऑक्क पाटैना पाडुकॉन्दां
लक्ष कोरिकल्नि परिहरिंचि
ऑक्क माटैना कलुपुकॉन्दां ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# मनोरथ

अनु: श्री एम. रंगय्या

सुमनों से शूल ही अधिक हैं
मेरे इस गुलाबी उपवन में ।
इसीलिए—
क्या इसे शूलों का उपवन कहूँ ?

कोयल हैं चार, कीट लाखों हैं
मेरे इस रसाल-उपवन में ।
इसीलिए—
क्या इसे छोड़ चला जाँऊ ?

वसंत है एक, अन्य पाँच मौसम हैं
मेरे इस मधुरोद्यान में ।
इसीलिए—
क्या इसे उखाड फेंक दूँ ?

लाखों कंटीली झाडियों को सह
एक उपवन का ही सही निर्माण करेंगे ।
लाखों अपस्वरों को सह
एक गीत का ही सही गान करेंगे ।
लाखों अभिलाषाओं को तज
एक बार ही सही मिलेंगे ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# आवाहनमु

## मूलः श्री पाटिबंड माधवशर्मा

1. अदि परिणद्ध युष्मदधरामल रक्तिम कादु सुम्मु, ना
हृदय कटाह निस्सरदसृक्परिकल्पित वेपनमु ; अ
य्यदियु भवद्दृगंचल महः प्रभगादु मनोज्ञराग सं
पदमलमैन ना हृदयपंकज रक्तिम गानि नॅच्चॅली !!

2. ए यपराधशिक्षयनि ई यवमानमु सैपुमंटि ? नि
र्मायिकमैन मुग्धहृदयंबुन निन् गयिसेसिनंदुका ?
मोयग लेनि प्रेम भरमुन् दिग म्रिंगॅड्डु नेर्पु लेक शो
भायुत मैन नीवदन पंकजमुन् स्पृशियिंचि नंदुका ?

3. तीयनि प्रेम भिक्षकयि तेपकु तेपकु नी गृहांगण
च्छायल नाश्रयिंचुटकु जालितिगाक ; अकारण क्रुधा
हेयमुलैन मूक परिहेळन लोर्चुटकुन्, वृथा व्यथा
दायक निष्ठुरोक्तुल वितानमु सैपनु गादु नॅच्चॅली !!

4. कलवु मुहूर्तमुलु तॉलुत कंटि जलम्मुललोन नीवु नन्
गलचि करंचि कैवसमुगा नॉनरिंचुक पोयिनट्टि रो
जुलु, कृताधिकत्वमुलु चॉप्पड पूत पराकुलूनि नी
पिलुपुल नेनि चॅवि बॅट्टनि रोजुलु गूड नॅच्चॅली !!

5. ऍरुगुदु नेट रेपट भ्रमिंतुवु मद्भवनांगणस्थलिन् ;
दरदरविंद सुंदर पद द्वयि कंदुनॉ यंचु सुंदुगा
परपुलुगा नमर्चितिनि पल्लवपेशलमैन नायॅदन् ;
वॅरवक सागि रम्मु विलपिंपदु, व्रीलदु, वाडिपोवदुन् !!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# आवाहन

अनु: डॉ. इ. पांडुरंगाराव

1. आचर्चित निखरी वह लाली नहीं सखी तेरे अधरों की
वह तो मेरे दिल-कड़ाह से निस्सारित परिलिप्त रुधिर की,
वह भी तेरे नयनांचल की द्युति महीयसी नहीं सखी री।
रागमनोहररंजित मंजुल मम हृदय कमल की लाली री!

2. अपराध बता दे क्या मेरा जिसके बदले मिला अनादर।
क्या यही कि की पूजा मैंने सरल तरल हृदय में बिठाकर?
बस यही दुर्वह प्रेम भार वह मैं था निगल नहीं पाया।
सुरुचिर मुख सरसिज छूने का लोभ प्रबल संभाल न पाया॥

3. सजनी! तेरे मधुर प्रेम की भीख मांगने घर आया था
बार बार चक्कर काटा था सुनो सखी! किंतु न आया था
तेरे नीच मूक उपहासों का नीरव ताड़न सहने को
या व्यर्थ व्यथा-दायक निष्ठुर बातें सुनकर चुप रहने को॥

4. एक समय था तेरे आँसू देख हृदय मम पिघला करता
विकल हृदय यह विवश निरंतर तेरा ही रह जाया करता
वे भी दिन थे मैं अपने को बड़ा समझ परवाह न करता
मुझे प्यार से तू पुकारती मैं गर्वीला न सुना करता॥

5. मुझे पता है आज न तो कल आओगी ही तू घर मेरे।
इस आँगन में न कहीं उपड़ें चरण सरोरुह कोमल तेरे।
सोच यही पल्लव मृदुल हृदय-पांवड़ा बिछाया तव पथ पर।
आ जा निर्भय, तनिक न होगा, विकल शिथिल दब यह कुम्हलाकर॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. ई विमल प्रभातमुन ई कृपणात्मक सौध वीथिकिन्
देवतवोलॅ नीवु चनुदॅन्चॅडि वेळ भवत् पदद्वयी
पावन निक्वणांतमुलु वैदिक ऋक्कुल नालपिंचॅ ; शो
भावरणीय वक्त्रमुन भासिलॅ मुग्धमुलै युषस्त्विषल् ॥

7. अविरळ धाळ धळ्य हृदयंगम सौरभमिद्दि देवता
भवनमु तत्प्रसाद परिपालित चित्तमु तोड शांति वै
भवनिभृतांत रंगमुन वर्धिलु मिच्चट कोटि वर्षमुल्
भवभय विस्मृति प्रदमपाय निबर्हण मिद्दि नॅच्चॅली ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. इस कृपणात्मक हर्म्य मार्ग में विमल उषा के मधुमय क्षण में
आई जब तू दिव्य रूप में पावन पद निक्वण के स्वन में
वेद ऋचाएँ बोल उठीं, तब पग पग पर उस मधुर गमन में
मुदित उषा की उदित प्रभाएँ चमक उठीं कमनीय वदन में ॥

7. अविरल उर्मिल सुरभि मनोहर यह सुर वासित देवतायतन
इस प्रसाद से मन शासित कर आ जा यह चिर शांति निकेतन
युग युग तक रहना इसमें यह अंतरंग की निधि बनता है।
विपदा को यह विफल बनाता, भवभय को भुलवा देता है।

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# विरह गोपि

## मूल: श्री पाटिवंड माधवशर्मा

1. श्रीकरमै, मुहु : परवशीकृत गोपवधूकमै सदा
लोकि समस्त लोकमयि, लोकविमोहनकृद्विलोकमै
प्राकट मैन नी वदन पंकजलक्ष्मिकि रक्षयैन मा
केकिशिखा कलापमुनकॅत्तॅद कप्रपुमंगळारतुल् !

2. नीवु सुधानिधानमवु, नीमुरळी मृदुगानमुन् सुधा
स्रावि ; सुधा मयम्मु गदरा निखिलम्मुनु निन्नु गूर्चिनन् ;
स्थावर जंगमात्मक विशाल जगान त्वदीय दिव्य गा
नावशमै करुंगनिदि मुन्नदि लेदु गदा जगत्प्रभू !

3. यामुन निम्नगातरळहारि तरंगमुलंदु वालुका
सीमललो भवम्मॅडमु चेसुक शारद दीर्घ यामिनी
याममुलंदु रास रचनार्पित जागृति ने मनोहर
श्यामु दनिंचिनानॉ भरमय्यॅड्डु ना स्मृति मोहनाकृती !

4. नी ललित स्वरूपमु पुनीत तमाल महीज शाखलन्
त्रेलॅड्डुनाट तॅच्चिच पदलिंचिति नाहृदयम्मुलोन ; गो
पालक बाल लालन कृपाळुलु नाटिकि नेटिकीश्रवो
गोळमुलंदु म्रोगु निविगो भवदीय मनोज्ञगानमुल् ।

5. म्रागनुवड्ड जालु गदरा यॅदुरय्यॅदु वंशिका सुधा
रागमुतोड पिंछ परिरंभित चूडमुतोड भागुरो
भागमुतो लयानुगुणपादयुगी गमनम्मुतोड ; ई
यागडमेटिकोयि ? भरमय्यॅड्डु मोहमु मोहनाकृती !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# गोपिका-विरह

**अनुः डॉ. इ. पांडुरंगाराव**

1. मोरशिखा श्रीयुत तव पंकज मुख शोभा का रक्षा-बंधन ।
उसकी मैं उतारती मंगल मय घनसार आरती क्षण क्षण ।
व्रजललनाएँ छवि निहार कर बार बार विवश हुई जातीं ।
देख सदा वह सब लोकों को निज शोभा से मुग्ध बनाती ॥

2. सुधा धाम तू, मुरली तेरी मंजुल गीत सुधा की धारा ।
तुझसे मिलकर हे जगत-प्रभो सुधा पूर्ण बनता जग सारा ।
सकल चराचर विपुल जगत में कण कण तव संगीत भरा है ।
तेरे दिव्य गान में अग जग मय सब जाती पिघल धरा है ॥

3. दीर्घयामिनी शारदनिशा में यमुना-लहरों से क्रीड़ा कर
भव से दूर विभोर रास में, पुलिनों पर तन्मय हो होकर
जाने किसको रिझा लिया था, था वह कौन श्याम मानसहर
स्मृति उसकी व्यथित सदा करती मनपर भार रूप बन बनकर ॥

4. तेरा रूप मनोहर पावन तरु तमाल में झूल रहा था
उसको लाकर मैंने अपने हृदय निलय में बसा लिया था,
तभी गोप बालों की पुलकें ललित हसित उस प्रणयायन की
अब भी सुन पड़ती हैं तानें कानों में तेरे गायन की ॥

5. झपक पड़ीं पलकें जैसे ही छलक पड़ी आगे छवि तेरी
वही बाँसुरी सुधा रागिनी लयनिबद्ध वह पद गति सारी
उर कांति युत, मयूर पंखसे परिरंभित वह चोटी लघु सुंदर
मोह भार अधिक हुआ जाता नटखट मत बन श्याम मनोहर !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



6. विश्वमुतल्लक्किंदयि तपिंचियु पॉन्दगरानिदै सुधा
निश्वसन प्रपूतमगु नीमुरळिन् पॅदविं दगिलि्च यैं
द्राश्व मनोज्ञरिंगण शनैगमनम्मुन वच्चि यॉक्कना
गस्वरमूदि जीवभुजगम्मुनु पट्टुकपॉम्मु मोहना !

7. गाटपुमोह माचिक्रॉनगा दरिगानक नीवुनेनुमु-
च्चटलाड्डुकॉन्चु दिरुगाडि काननलो तमालपुन्
वाट्टुल वॅण्ट नीवुकनवत्तुवॉ यन्न दुराशपॉण्टॆ नै
शाट पथम्मु वट्टि तिरुगाड्डुचुनुंटि गदा जगत्प्रभू !

8. बारुलु गट्टि पक्षुलु नभस्थलि नीडपथम्मुवट्टॆ ; अं
भारव घूर्णितम्मुलु गवार्भकमुल्निजकोष्ठ मार्ग सं
चारमुवट्टॆ ; नी पॉदल चाट्टुन नीकयि वेचियुन्नना
नीरव विग्रहम्मट्टुलने शिलयय्यॆ तमम्मु पैक्रॉनॆन् ॥

9. वेणुवु मोवि मोपि यरविंददळा मलिनांगुली गतिन्
तेनियलूरु दिव्य फणितिन् बलिकिंपुमु मंद्र मध्यम
स्थानक्रम प्रकारमुन तारमुनंट त्वदीय गान सो
पानमुलंटि पॅट्टुकॉनि प्राकॅद नाकमुदाक नो प्रभू !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


6. तप तपकर जीवन भर वसुधा पा न सकी जिस स्वर लहरी को
निकले जिससे सुधा सांस बन अधरों पर धर उस मुरली को
आ जा मोहन उच्चैश्रव पर चढ़ मंदमंद गति से छिपकर
नागस्वर रागिनी एक बजा ले जा जीव-भुजंग पकड़कर ॥

7. मोहमयी दुर्दम वांछा का पार न पाकर, प्रेरित होकर
जिस वन में हम घूमे पहले क्रीड़ा करते पुलकित होकर
यहीं कहीं पाऊँ तुमको फिर तमाल तरुओं की पाँतों में।
यही लालसा लेकर मन में घूम रही रजनी-पंथों में ॥

8. चिड़ियाँ अपने नीड़ पहुँचने नभ चली कतार बाँधकर
रंभाते बछड़े गायों के लौट रहे अपने गोष्ठों पर
पर मेरी प्रतिमा यह नीरव इस झुरमुट के सन्नाटे में
बाट जोहते बनी शिलामय, घेर लिया तम ने इतने में ॥

9. अधर बाँसुरी पर नर्तित कर शतदल पंखुरियाँ-अंगुरियाँ
दिव्य गान मधु बरसे जिनसे मंद्र मध्य स्वर तान लहरियाँ
सुना सुनाकर धीरे धीरे ले जा मुझको तार महालय
तव संगीत सोपान पर प्रभु! चढ़कर पहुँचूँगी त्रिदशालय ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# वसंत ऋतुवु

## मूल : श्री पैडिपाटि सुब्बराम शास्त्री

1. आद्यंतमुलु लेनियट्टि कालम्मुनु
गादितो मॉदलुगा गलुगु ऋतुवु
वासंत नवरात्रवर्धित कल्याण
रमणीय सुषमवॅलार्चु ऋतुवु
फल पुष्पनिचय संभावना गरिम भू
सुरकोटि बरितृप्ति बरचु ऋतुवु
पूर्णिमास्नानाच्च पुण्योपलब्धिकै
अंजलो मॉदटिमॅट्टैन ऋतुवु
नातिशीतल नात्युष्णताति रम्य
मगुचु श्रोड्डलु चिगुरिंचु सॉगसुलॉलिकि
सकल जन हित मैन वसंत ऋतुवु
वच्चॅ नॉक कोटि दौ शतपत्र शोभ ॥

2. कनुविंदु नगुचु बूचिनदशोक सुमम्मु
रमणीमणी पाद लाक्षवोलॅ
मदिनिंपुचुनु बूचिनदि कर्णिकारम्मु
सॉम्पैन चॅविकम्म कॅम्पुवोलॅ
चॅन्नुगा विरिय बूचॅनु पलाश सुमम्मु
खंडितापांग वीक्षणमुवोलॅ
चॅलुवम्मु लॉलिकि पूचिन दॅरॅगोरिंट
जेवुरिंचिन चेडॅ चॅक्किलिवलॅ
आदि ऋतुराजु विश्वविख्यात कीर्ति
दर्पकुनिकैन प्राणमित्रमु, वसंतु
डधिकतेजस्वि मिगुल सहायपडग
तुंटविल्तुड्ड पॅद्दयोधुड्डग निलचॅ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# वसंत ऋतु

अनुः डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

1. आद्यंत रहित काल चक्र में *उगादि से चलती ऋतु ।
वासंती नवरात्रि में बढ़ती विवाह शोभा की ऋतु ।
फल पुष्प निचय के गौरव से भूसुर आनंदद ऋतु ।
पूर्णिमा स्नान पुण्य प्राप्ति की पहली सीढ़ी यह ऋतु ॥
नाति शीत नात्युष्णता से अतिरम्य बनी शोभित ऋतु ।
फूटी-पल्लव-सुषमा शोभित होकर आयी मधु ऋतु ।
सर्वजनों का हित संधायक सौंदर्य लिए मधु ऋतु ।
शत पत्र कोटि की शोभायुत होकर आयी मधु ऋतु ॥

2. रमणी पद लाक्षा ज्यों नेत्रोत्सव कर अशोक विकसित ।
कर्णाभूषण-मणि जैसे मन भर कर्णिकार पुष्पित ।
विकसित पलाश शोभित खंडितापांग वीक्षण जैसे ।
सुंदर लाल कुरंटक फूला रक्तिम कपोल जैसे ।
वह ऋतुराज प्रथम विश्वविश्रुत काम का प्राण मित्र ।
वसंत का बल पा, काम खड़ा लेकर वीर चरित्र ॥

---

* आंध्र के नव वर्षारंभ का दिन

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


3. मधुलिहम्मुन किष्टमैन मानिन नेमि
कमनीयमुग चंपकम्मु पूचॅ
मधु वृक्षमुनु बोलि मनिन मानिन नेमि
रॅम्म रॅम्मनु वेपकॉम्म पूचॅ
कमलम्मुनकु बोलिकयिन मानिन नेमि
युल्लम्मु ललरिंचि मल्लॅ पूचॅ
ह्लादगीतम्मु दोहदमैन काकुन्न
गुम्मुगा ना प्रेंकणम्मु पूचॅ
षड्तुवुलनगुनिदि विशेषत गडिंचि
पुष्पमयशोभसिरु लॅग बोसॅंनचु
नादि ऋतु वैभवम्मु बॅल्लूदि पलिकॅ
कॉम्म कॉम्मनु जेरि पुंस्कोकिलम्मु ॥

4. चलितगिग चिरुचॅम्मटलु पोयकामिनुल्
कॉलकुलन् लॅस्सगा जलकमाडि
तरचु नत्तरुवुचे सुरभी कृतम्मैन
वलिपॅम्पु चॅङ्गावि वलुवदाल्चि
कम्म तावुल नीनु गंधचर्चनुजेय
चॅंदुरुगा लोनि कॅंचॅल सडल्चि
विरिवीवनलतोड विसरगा रगिलिन
मधुर तापम्मुनन्मनसु चॅंदरि
पिकमुरॅट्टिंचि कूयुकूतकुनु बॅंदरि
मदमुरॅच्चिन तुम्मॅद रॉदल कदिरि
मनसुदिगुलैन नुद्यानवनमुलंदु
वेचि युंदुरु राककुन् ब्रियुल कॉरकु ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


3. भौंरे को पसंद हो, ना हो, चंपक फूला सुंदर ।
मधु तरु समान जिये या नहीं, नीम सुविकसित सुंदर ।
कमल समान रहे या न, मनहर फूली सुचमेली ।
ह्राद गीत दोहद हो या हो न, प्रियंगु लता फूली ॥
कोकिल बोली वसंत शोभा
वृक्ष की डाल डाल ।
कि ऋतु चक्र ने विशेष पायी
सुम शोभा इस काल ॥

4. ठंड हुई कम घर्म बिंदु झांकने लगे तो
मत्त कामिनियों ने सरोवरों में स्नान कर ।
इत्र की सुगंध से बार बार सुरभीकृत
सुंदर दुग्ध फेनोपम साड़ी धारण कर
अंदर के कंचुक बंधन को ढीला करके
वक्षोजों पर शीतल चंदन चर्चित कर
फूलों के पंखों से निकलनेवाले पवन से
बढ़ते मधुर ताप से मन घबराकर ॥
चौंक युवतियाँ सुन पिक अलि की
कूक औ झंकार
उद्यानों में बाट प्रियों की
जोहतीं विरह भार ॥

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# सुधा बाल

## मूल: श्री शंखवरं राघवाचार्य

ओ सुधा बाल! ओ सुधा बाल! ओ सुधा बाल!
ओहो ना बाल! ओ सुधा बाल!
रा, पूल पल्कि निलिपि स्वर्गान, स्वप्नमार्गान
घलु घल्लुमनि गज्जॅ पलुक, नी हृदयमॉलुक
ना वलपु गिलक, ना वलुपु गिलक।

कर्पूर पांडुर कपोल अधर प्रवाळ मधुर प्रमील
हृदयांतर स्वप्नशील, ओ सुधा बाल!
रा, पूल पल्कि निलिपि स्वर्गान, स्वप्न मार्गान।
जडलोन मुडिचेनु चविति नॅलवंक, ऍवरिके शंक?
एकांत चिर मौनवाणी चॅरवीडि रानी
कवन त्रिवेणि! कवन त्रिवेणि!
वॅन्नॅलल रेल जलदाल वॅलुगु दाराल कट्टि उय्येल
पाडॅदनु ना वलुपुजोल ओ सुधा बाल!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# सुधा-बाला

अनु: डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

हे सुधा बाला! हे सुधा बाला!
सुधा बाला! मेरी सुधा बाला!
आ, पुष्प पालकी स्वर्ग में रोककर
स्वप्न मार्ग से घुंघरू छनछनाकर
आओ सखी! हृदय अपना उड़ेलकर
प्रेमचक्र मेरे हे, मम प्रेम चक्र!
शुभ्र कपोलों की पांडुर शोभा फैलाते
अधर प्रवालों की मोहक लाली छिटकाते
हे मम मधुर प्रमीला!
हृदंतर स्वप्न शीला!
अहे सुधा बाला!
पुष्प पालकी रोक स्वर्ग में
स्वप्न के मग से आ हृदय में
चौथ-चंद्रमा जूड़े में लगाऊँ
कौन करे शंका?
एकांत चिर मौन वाणी
कारा छोड़ आने दो काव्य वाणी
मेरी कविता त्रिवेणी!
राका निशाओं के
चमकते जलद धागों के
झूले में झुलाऊँ
प्रेम-लोरी गा सुलाऊँ
अहे मेरी सुधा बाला!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


नी मनो मकरंदमे अमृतभिक्ष, नाकु रस रक्ष,
तॅलुगुको मनसु पॉलिमेर नी वॅलुगुजीर
प्रेम ध्रुवतार, प्रेम ध्रुवतार
नुरुगुलारनि मधुरहाल ईवॅ सुमबाल
हृदय मधुशाल सर्वमिपुडानंद लील ओ सुधा बाल !

एदलोनि पदमुतो कदलॅ नीकालु, करगॅ लोकालु
गंधर्वुले कलसि पाड, अप्सरस लाड
परवशमुतोड, परवशमुतोड
ई जगति नीलास्यशाल मृदुशाद्वलाल जलधिकॅरटाल
कनिपिंचु नीनृत्य खेल ओ सुधा बाल !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



तेरा मन मकरंद ही
मेरे लिए अमृत भिक्षा है
रस की रक्षा है
जानो तेरे प्रकाश की रेखा
मेरे मन की सीमा है।
प्रेम की ध्रुव तारा
फेन युत मधुर हाला
हृदय की मधु शाला
तू ही है हे सुम बाला!
अब सब कुछ आंनदलीला
हे सुधा बाला!

हृत्पद के साथ चला तव पद।
गंधर्वों ने गाया।
अप्सराएँ नाच उठीं।
परवश होकर लोक द्रवित
यह जगत तव लास्य की शाला
कोमल शाद्वल जलधि तरंगों में
लक्षित तेरी नर्तन क्रीड़ा
हे सुधा बाला!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



ई भुवनमुल मौन हृदय मे तॅरचि चूचिमैमरचि,
मनसुतो मनसु पॅनवेसि रसगंग पोसि
चेसॅदनु काशि! चेसॅदनु काशि
ना अन्नपूर्णालयाल वॅलिगिंच वेल नी सुधा ज्वाल
शतकोटि नीराजनाल ओ सुधाबाल!

कदलि रावे लोनि माय करगिंपना हृदय शंप!
नाकुनी अभय कर मिच्चि ना मनसु त्वच्चि,
चूडवे वच्चि चूडवे वच्चि!
ना मुद्दुरवल जवराल, आणि मुत्याल लोनि रतनाल
चित्तसागर मथन लोल ओ सुधाबाल!
कदलि रावे लोनिमाय करगिंप, नाहृदय शंप!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


इन भुवनों का मौन हृदय
उद्घाटित कर
लख सुधबुध खोकर
मन से मन लिपटा कर
रस की गंगा भरकर
काशी बनाऊँ, काशी बनाऊँ।
मेरे अन्नपूर्णालयों में तू
क्यों न जलाती अपना सुधा ज्वाल
अगणित नीराजन माल
हे सुधा-बाला!

अंदर की माया करने द्रवित
चली आओ मेरे हृदय की शंपा!
मुझको अभय दान देकर
मेरे मन की गहराई में जाकर
देखो देखो हे!
मुक्ताओं में रत्नोपम
मेरी प्यारी!
मानस सागर मंथन शीला!
हे सुधा बाला!
हृदय के उजाला!
अंदर की माया करने द्रवित।
चली आओ मेरे हृदय की शंपा!

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# संक्षिप्त कवि-परिचय

**1. श्री गुराजड अप्पाराव—(जन्म 1861 : मृत्यु 1915)**

ये विजयनगरमु के निवासी थे। आधुनिक तेलुगु कविता के ये शुक्रतारा थे। भाव और अभिव्यक्ति में स्वतंत्रता के प्रेमी थे। कविता के द्वारा सामाजिक सुधार की भावना जनता में जगाना चाहते थे और तदर्थ कविता का उपयोग किया। कविता में शिष्ट जनों के द्वारा बोली जानेवाली व्यवाहरिक भाषा का प्रयोग सर्व प्रथम इन्होंने किया और आगे के कवियों के मार्ग-दर्शक बने। कविता के अलावा इनका कन्या शुल्कमु नामक नाटक भी बहुत प्रसिद्ध है। इन्होंने बहुत सी कहानियाँ भी लिखी हैं।

**2. श्री कट्टमंचि रामलिंगा रॆड्डी—(जन्म 1880 : मृत्यु 1951)**

कट्टमंचि नामक गाँव में जन्म लेकर और मद्रास में स्नातक बनकर इन्होंने कैंब्रिज विश्व विद्यालय में अर्थ शास्त्र में उच्चतम उपाधि प्राप्त की। ये प्रसिद्ध राजनीतिवेत्ता, अर्थ शास्त्र वेत्ता तथा शिक्षा वेत्ता थे। साहित्य के क्षेत्र में ये उच्च कोटि के समालोचक थे। इनका "कवित्व तत्व विचारमु" नामक आलोचनात्मक ग्रंथ उनकी भावुकता और ऊच्च कोटि की साहित्यिकता का परिचायक है जिसमें उन्होंने कलापूर्णोदय और प्रभावती प्रद्युम्न जैसे प्रसिद्ध काव्यों की विशद समालोचना की। काव्य के क्षेत्र में 'मुसलम्म मरणमु' और "नवयामिनी" नामक ग्रंथ हैं।

**3. श्री वेंकट पार्वतीश्वर कवि-द्वय—**

ये कवि श्री बालांत्रपु वेंकटराव और श्री ओलेटि पार्वतीशम् हैं। श्री वेंकटराव का जन्म सन् 1880 में और श्री पार्वतीशम् का 1885 में हुआ। श्री पार्वतीशम् की मृत्यु 1955 में हुई। तेलुगु में रहस्य भावना प्रधान भाव कविता के ये प्रवर्तक माने जाते हैं। इनकी "एकांत सेवा" नामक कविता इस कोटि की कविता धारा की प्रथम रचना है जिसका एक अंश इस पुस्तक में उद्धृत है। बृंदावनमु, भाव-संकीर्तनमु आदि इनकी अन्य रचनाएँ हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


4. श्रीरायप्रोलु वेंकटसुब्बाराव—(जन्म 1892)

इन्होंने शांतिनिकेतन में विश्व कवि श्री रवींद्रनाथठाकुर के यहाँ कुछ समय रहे। तृणकंकणमु, कष्ट-कमल, स्वप्न-कुमारमु, जडकुच्चुलु आदि इनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं जिनमें छायावाद के समकक्ष भाव कविता के दर्शन होते हैं। आंध्रदेश के पूर्वौन्नत्य का गान इन्होंने मर्मस्पर्शी ढंग से किया और जनता में आँध्राभिमान को जगाया। साथ ही साथ समूचे भारत के प्रति भक्ति भावना को जगाकर अपनी राष्ट्रीयता का परिचय दिया।

5. तल्लावज्झुल शिवशंकरशास्त्री (श्री शिवशंकरस्वामी)—(जन्म 1892)

इन्होंने 'साहिती समिति' नामक संस्था स्थापित की जिसके द्वारा भाव कविता का अच्छा विकास हुआ। वर्तमान समय में सन्यासाश्रम में हैं। बड़े भावुक और पंडित हैं। हृदयेश्वरी, आवेदना, काव्यवाळी, आदि काव्यों, पद्मावती-चरण-चारण-चक्रवर्ती, कविप्रिया, आदि गीत नाटिकाएँ इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं।

6. श्री पिंगळि-काटूरि—

श्री पिंगळि लक्ष्मीकांतम् और श्री काटूरि वेंकटेश्वर राव दोनों सहपाठी थे। साहित्य के क्षेत्र में भी पिंगळि-काटूरि के नाम से इन्होंने साथ साथ काव्य सृजन किया। श्रीपिंगळि लक्ष्मीकांतम् का जन्म 1894 और श्री काटूरि वेंकटेश्वर राव का 1895 में हुआ था। इनमें श्री काटूरि अब नहीं रहे। इनकी कृतियाँ हैं, तॉलकरि, सौंदरनंदमु, और पौलस्त्य हृदयमु।

7. श्री माधवपेद्दि बुच्चिसुंदरराम शास्त्री—(जन्म 1892 : मृत्यु 1950)

ये अध्यापक थे। इनकी कविता कमनीय शब्द चित्रों को प्रस्तुत करती है। भाषा और शैली बहुत कोमल है। इनकी रचनाएँ बृंदावनमु, उमर खय्याम, पंचवटी, शबरी और मृत्युंजयशतक हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



8. **श्री कविकॉण्डल वेंकटराव**—(जन्म 1892 : मृत्यु 1969)

ये वकील थे और राजमहेंद्री के निवासी थे। बड़े भावुक और प्रकृति के उपासक थे। सृष्टि की सब वस्तुओं से इनको प्रेरणा मिलती थी। व्यावहारिक भाषा का प्रयोग मुक्त छंदों में स्वतंत्रता पूर्वक करते थे। रचनाएँ: नॅल बालुडु, प्रकृतिचंदनमु, मातृ देश संकीर्तन और अनेक लोक गीत।

9. **श्री विश्वनाथ सत्यनारायण**—(जन्म 1895)

आप विजयवाडा के निवासी हैं कालेजों में तेलुगु के प्राध्यापक और प्रिन्सिपल रहकर आजकल अवकाश ले रहे हैं। आपकी प्रतिभा सर्वतोमुखी है। काव्य, नाटक, उपन्यास, कहानियाँ, निबंध आदि सब विधाओं में रचना कर आधुनिक तेलुगु साहित्य में आपने अपना अनुपम स्थान बना लिया है। इनकी भाषा और शैली बड़ी प्रौढ़ और पांडित्य-प्रकर्ष पूर्ण है। आपकी रचनाओं में आंध्राभिमान की झलक मिलती है और साथ ही साथ भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा परिलक्षित होती है। तेलुगु के अतिरिक्त संस्कृत में भी आपने काव्य लिखे। रचनाएँ: अमृत शर्मिष्ठम् (सं) देवी त्रिशति (सं) आंध्र प्रशस्ति, श्रृंगार वीथी, ऋतु संहारमु, किन्नॅरसानि पाटलु, रामायण कल्पवृक्षमु, आदि काव्य, वेयिपडगलु; चॅलियलिकट्ट, एकवीर, धर्म-चक्रमु आदि उपन्यास ; छोटी कहानियाँ ; नर्तनशाला, वेनराजु आदि नाटक और कई एकांकी।

10. **श्री अडिवि बापिराजु**—(जन्म 1895 : मृत्यु 1952)

ये गोदावरी जिले में निवास करते थे। ये अच्छे चित्रकार, कवि, उपन्यासकार और कहानीकार थे। इन्होंने वकालत, अध्यापन, पत्रिका संपादन आदि कार्य किए। आपकी कविता-पुस्तकें गोधूळि, शशिकला आदि हैं। उपन्यास हैं नारायणराव, हिमबिंदु, गोन गन्नारेड्डि आदि।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



**11. श्री बॉड्डु बापिराजु—(जन्म 1912)**

ये पश्चिम गोदावरी जिले के निवासी हैं। व्यापारी हैं। आपकी रचनाएँ :—विपंचि (कविता-संग्रह) कलिक (कहानी-संग्रह) कात्यायनी (बाल गीत)

**12. श्री नंडूरि वेंकटसुब्बाराव—(जन्म 1895 : मृत्यु 1957)**

ये कृष्णा ज़िले के निवासी थे। कुछ काल तक अध्यापन कार्य किया जिसके बाद वकालत की। आप के "एँङ्कि पाटलु" बहुत प्रसिद्ध हैं जिनमें अशिक्षित ग्रामीणों के निर्मल प्रेम और भोले जीवन का मनोहर वर्णन मिलता है।

**13. श्री दुव्वूरि रामिरॅड्डि—(जन्म 1895 : मृत्यु 1917)**

ये नॅल्लूर ज़िले के थे। भाव और कला में स्वतंत्रता प्रिय थे। रचनाएँ कृषीवलुडु, जलदांगना, नक्षत्रमाला, नैवेद्यमु, पानशाला (उमर-खयाम का अनुवाद) आदि।

**14. श्री गुर्रं जाषुवा—(जन्म 1895)**

ये गुंटूर जिले के निवासी हैं। हाई स्कूलों में तेलुगु अध्यापन का काम करते रहे। आपकी कविता की भाषा और शैली सरल है। आपकी कविताओं में मानवतावाद का स्वर सुनाई पड़ता है। रचनाएं: फिरदौसी, गब्बिलमु, कांदिशीकुडु, स्वप्न-कथा, नेताजी आदि।

**15. श्री अब्बूरि रामकृष्णराव—(जन्म 1896)**

आप गुंटूर जिले के हैं। आंध्र विश्व विद्यालय में प्राध्यापक और पुस्तकपाल रहे। विशिष्ट पद रचना आपकी काव्य भाषा की एक विशेषता है। प्राचीन छंदों का परिष्कार और नये छंदों का आविष्कार करके आधुनिक तेलुगु छंद के विकास में अपना योगदान दिया। आपकी रचनाएं: ऊहागान, पूर्व-प्रेम, मल्लिकांबा, नदी सुंदरी आदि।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



**16. श्री देवुलपल्लि वेंकटकृष्ण शास्त्री—(जन्म 1897)**

आप पूर्व गोदावरी जिले के हैं। आप भाव-कविता धारा के सर्व प्रसिद्ध कवि हैं। मनोहर कल्पना की ऊँची उड़ान आपकी भावुकता की विशिष्टता है। गीत रचना में आप सिद्धहस्त हैं। आपकी भाषा सुललित और प्रांजल है। आपकी कृतियां कृष्ण पक्षमु, ऊर्वशी, प्रवासमु, कन्नीरु, ऋग्वीथी, बदरिका आदि हैं। कई निंबंध भी आपने लिखे हैं।

**17. श्री कॉडालि आंजनेयुलु—(जन्म 1897)**

ये कृष्णा जिले के निवासी हैं। इनकी कृतियाँ अनेक फुटकर कविताओं में बिखरी पड़ी हैं। पत्रिका संपादन का कार्य किया। बड़े देशभक्त हैं और कई बार जेल हो आये हैं।

**18. श्रीमती चावलि वंगारम्मा—(जन्म 1897)**

ये पूर्व गोदावरी ज़िले की निवासिनी हैं। बड़ी विदुषी हैं। आपकी कविताएँ कांचन-विपचि में संग्रहीत हैं।

**19. श्री नायनि सुब्बाराअ—(जन्म 1899)**

ये नॅल्लूर जिले के हैं। इनकी रचनाएँ सौभद्रुनि प्रणय-यात्रा, फलश्रुति, मातृगीतमुलु हैं। आपकी अभिव्यक्ति बड़ी मर्मस्पर्शी होती है।

**20. श्री नोरि नरसिंह शास्त्री—(जन्म 1900)**

ये गुंटूर जिले के हैं और वकालत करते हैं। भागवतावतरण (काव्य) सोमनाथ विजय (नाटक), नारायणभट्टु, रुद्रमदेवी (उपन्यास) आदि इनकी कृतियाँ हैं। देवी भागवत का तेलुगु में अनुवाद किया है। भारत की प्राचीन संस्कृति के प्रति इनकी आस्था इनकी कृतियों में व्यक्त होती है।

**21. श्री वेदुल सत्यनारायण—(जन्म 1900)**

ये भद्राचल के हैं जो आजकल खम्मम जिले में है। इनकी कृतियाँ दीपावली, विमुक्ति, मा तल्लि, आराधना, मुक्तावळी आदि हैं। आप शतावधानी हैं। इनको "गौतमी कोकिल" कहा जाता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



**22. श्री तुम्मल सीतारामसूर्ति चौधरी**—(जन्म 1901)

ये गुंटूर ज़िले के निवासी हैं। इनको "अभिनव तिक्कन्न" कहा जाता है। आपकी रचनाएँ आत्मार्पणमु, राष्ट्रगानमु, उदयगानमु, शबला, धर्म-ज्योति आदि हैं। गांधीजी की आत्म कथा को पद्य बद्ध किया।

**23. श्री कॉडालि वेंकटसुब्बाराव**—(जन्म 1904: मृत्यु 1932)

इनकी कविता में प्राचीन वैभव के प्रति आदर और गौरव के भाव व्यक्त होते हैं। रचनाएँ: हंपीक्षेत्रमु गुरु-दक्षिणा आदि। प्रस्तुत संग्रह में विजयनगर साम्राप्य के संस्थापक विद्यारण्य की महिमा का वर्णन है जो "हंपी क्षेत्र" से उद्धृत है।

**24. श्रीमती सौदामिनी**—(जन्म 1904)

ये कृष्णा जिले की हैं। प्रख्यात कवि श्री बसवराजु अप्पाराव की धर्म पत्नी हैं। इनकी कविताएँ कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हैं।

**25. श्री मल्लवरपु विश्वेश्वर राव**—(जन्म 1906)

ये गोदावरी ज़िले के हैं। शांति निकेतन में कुछ समय तक विद्या प्राप्त की। अंग्रेज़ी और तेलुगु की पत्रिकाओं के उप-संपादक रहे। रचनाएँ: कई गीत, कल्याण-किंकिणी, रवींद्रनाथ ठाकुर की कुछ कृतियों का अनुवाद आदि।

**26. श्री उमर अलीशा**—(जन्म 1885: मृत्यु 1945)

आप पूर्व गोदावरी जिले में रहते थे। आपकी रचनाएँ पद्मावती, मणिमाला, विचित्र बिल्हणीयमु, उमर खय्याम, वाल्मीकि रामायण का तेलुगु अनुवाद आदि हैं।

**27. श्री बसवराजु अप्पाराव**—(जन्म 1894: मृत्यु 1933)

ये कृष्णा ज़िले के हैं। कुछ समय तक आंध्र पत्रिका के उप-संपादक रहे; फिर वकालत की। रचनाएँ: फुटकर गीत; वायुसंदेशमु।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.


**28. श्री इंद्रकंटि हनुमच्छास्त्री**—(जन्म 1911)

आप गोदावरी ज़िले के हैं। हाई स्कूलों में संस्कृत के अध्यापक रहे। आपकी कृतियाँद क्षाराममु; स्वप्न वासवदत्ता, प्रतिमा (नाटकों का अनुवाद) तॅलुगु वीणा (गीत) विजयदशमी (कहानी संग्रह) व्यासावळी (समीक्षा) हैं।

**29. श्री वानमामलै वरदाचार्य**—(जन्म 1918)

ये तॅलंगाना के हैं। रचनाएँ: मणिमाला, पोतन्न।

**30. श्री करुणश्री**—(जन्म 1913)

आप गुंटूर मंडल के हैं। संस्कृत और तॅलुगु के अतिरिक्त हिन्दी के भी आप बड़े पंडित हैं। कालेज में अध्यापन करते हैं। रचनाएँ: करुणश्री, उदयश्री, विजयश्री आदि हैं। आपकी कविता चलती भाषा में बड़ी मधुर होती है।

**31. श्री मधुनापंतुल सत्यनारायण**—(जन्म 1914)

आप पूर्व गोदावरी ज़िले के हैं। 'सूर्यरायांध्रनिघंटु' (बृहत् तॅलुगु कोष) में कुछ समय तक काम किया। बाद में हाई स्कूलों में अध्यापक बने। आँध्रों के इतिहास को आँध्र-पुराण के नाम से पद्य बद्ध किया।

**32. श्रीपल्ला दुर्गय्या**—(जन्म 1915)

वर्तमान तॅलंगाना के निवासी हैं। कालेज में अध्यापक हैं। रचनाएँ: पालवॅल्लि, गंगिरॅद्दु।

**33. श्रीपुट्टपर्ति नारायणाचार्य**—(जन्म 1915)

आप अनंतपुर जिले के निवासी हैं। बहु भाषाविद् हैं। व्याकरण और अलंकार शास्त्रों का अच्छा अध्ययन किया है। तॅलुगु में पॅनुकॉण्ड लक्ष्मी, शाहजी, अग्निवीणा, शिव-तांडव और संस्कृत में शिव सहस्रमु आदि रचनाएँ आपने की हैं। "शिव-तांडव" नाद-सौंदर्य प्रधान भावुक रचना है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



34. श्रीबोयि भीमन्न—(जन्म 1918)

ये गोदावरी ज़िले के निवासी हैं। आँध्र प्रदेश सरकार में अनुवादक का काम करते हैं। दीपसभा आदि इनकी कृतियाँ हैं।

35. डॉ. पाटिबंड माधव शर्मा—(जन्म 1910)

आप कृष्णा जिले के निवासी हैं। आपकी कृतियाँ चारुणि (ऐतिहासिक काव्य) राजशिल्पी, इंद्राणी (ऐतिहासिक उपन्यास) नागानंदमु, विक्रमोर्वशीयमु (अनुवाद), "आँध्र महाभारतमु: छंदः शिल्प" (पी. एच-डी का शोध प्रबंध) आदि हैं। उस्मानिया विश्वविद्यालय में तॅलुगु विभाग के रीडर हैं।

36. श्री पैडिपाटि सुब्बराम शास्त्री—(जन्म 1918)

ये कृष्णा जिले के निवासी हैं। उषा (नाटक) जातीय भारती, तूणीरमु (काव्य) आदि इनकी रचनाएँ हैं।

37. श्री शंखवरम् राघवाचार्य—(संवत्)

ये अनंतपुरम् ज़िले के हैं। वाल्मीकि (काव्य), फुटकर गीत और कई खंड काव्य आपकी रचनाएँ हैं। मेघदूत का अनुवाद किया है।

---

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

# शुद्धि-पत्र

| पृष्ठ-संख्या | कविता की पंक्ति-संख्या | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| 19 | 17 | जानती | जानते |
| 21 | 11 | सामाज्य | साम्राज्य |
| 43 | 8 | पाये '॥ | पाये ॥ " |
| 45 | 17 | विश्वं भर | विश्वंभर |
| 53 | 9 | भेट | भेंट |
| 55 | 11 | प्रेमु | प्रेमा |
| 57 | 18 | फूर्लो | फूलों |
| 61 | 4 | मृत्युजय | मृत्युंजय |
| 67 | 19 | कालयस | कालायस |
| 71 | 12 | अर्थ ? | अर्थ । |
| 79 | 1 | रॅड्‌ | रॅड्‌ड |
| 107 | 5 | पाषाणों ने ॥ | पाषाणों ने |
| 109 | 17 | मुझपर | तुझपर |
| 119 | 10 | कैशल | कौशल |
| 127 | 13 | नयनाचल | नयनांचल |
| 137 | 2 | प्रेमलता- | प्रेमलता |
| 163 | 11 | जन्मांत | जन्मांतर |
| 181 | 8 | स्वदिष्ट | स्वादिष्ट |
| 183 | 12 | धीरे | धीर |
| 187 | 2 | वर्ष | वर्ष |
| 187 | 5 | सर्व | सर्व |
| 199 | 14 | तझे | तुझे |
| 203 | पाद टिप्पणी | पूर्प | पूर्व |
| 215 | 22 | यह्‌ | यह |
| 221 | 14 | बाहय | बाह्य |
| 251 | 3 | स्वर्ग | स्वर्ग |

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.